रजि० सं० डी०-(डी०)—78 REGISTERED NO. D-(D)—78

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 37] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 16, 1978 (भाद्रपद 25, 1900)
No. 37] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 16, 1978 (BHADRA 25, 1900)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 1
PART III—SECTION 1

उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संलग्न और अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं

(Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, the Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India)

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 4 अगस्त 1978

सं० ए० 12025/1/77 प्रशा०-II—अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा संयुक्त बीजलेख ब्यूरो, रक्षा मंत्रालय के स्थायी तकनीकी सहायक श्री एम० एल० रूस्तगी को 29-7-78 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्रोग्रामर के अस्थायी पद पर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 18 अगस्त 1978

सं० ए० 19012/2/78-प्रशा० I—भा० पु० से० के अधिकारी श्री एच० सी० जाटव को, राष्ट्रपति द्वारा 4-8-1978 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के कार्यालय में भारत सरकार के निदेशक ग्रेड (रु० 2000-125/2-2250) में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 19 अगस्त 1978

सं० ए० 12025/1/78-प्रशा० I—सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संवर्ग में स्थायी वैयक्तिक सहायक (के० स० स्टे० से० का ग्रेड ग) तथा कृषि और सिंचाई मंत्रालय के ग्राम विकास विभाग में स्थानापन्न वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक श्री जोगिन्दर सिंह को, राष्ट्रपति द्वारा 10-8-78 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक संघ लोक सेवा आयोग के संवर्ग में वरिष्ठ वैयक्ति सहायक (के० स० स्टे० से० का ग्रेड ख) के पद पर नियुक्त किया जाता है।

प्र० ना० मुखर्जी, अवर सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

गृह मंत्रालय
कार्मिक एवं प्रशासनिक
सुधार विभाग
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

नई दिल्ली, दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० बी-72/66-प्रशासन-5—राष्ट्रपति अपने पद से श्री बलिराम दुबे, पुलिस उप अधीक्षक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो,

विशेष पुलिस स्थापना को दिनांक 4-8-78 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक के लिए अस्थाई रूप से स्थानापन्न अधीक्षक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो/विशेष पुलिस स्थापना नियुक्त करते हैं।

के० के० पुरी,
उपनिदेशक (प्रशासन)
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

नई दिल्ली, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० ए०-19036/22/78-प्रशा० 5—निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एवं पुलिस महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, एतद्द्वारा, बिहार राज्य पुलिस के उप-अधीक्षक, श्री एम० एच० खान को दिनांक 8-8-78 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, विशेष पुलिस स्थापना में पुलिस उप-अधीक्षक के रूप में नियुक्त करते हैं।

रिपुदमन सिंह
प्रशासनिक अधिकारी (लेखा)
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली-110001, दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० डी० एक-दो/75-स्थापना—राष्ट्रपति, निम्नलिखित सूबेदारों को उप पुलिस अधीक्षक (कम्पनी कमाण्डर/क्वार्टर मास्टर) के पद पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में केवल तदर्थ रूप में उनके नाम के आगे लिखी तारीखों तक पदोन्नत करते हैं :—

सं०	अधिकारी का नाम	कब से	कब तक
1.	श्री भूम सिंह	24-12-74	31-3-75
2.	श्री राजपाल सिंह	21-12-74 (अपराह्न)	9-3-75
3.	श्री शिवचरन सिंह	23-12-74	7-3-75

उपर्युक्त तदर्थ रूप में हुई पदोन्नति से उक्त अधिकारियों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में, उप पुलिस अधीक्षक पद की वरिष्ठता/पुष्टि मान्य नही होगी।

दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० ओ० दो० 1038/75-स्थापना—महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने डाक्टर (श्रीमती) उषा जैन को 6-7-78 के पूर्वाह्न से केवल 3 माह के लिये, अथवा उस पद पर नियमित नियुक्ति होने तक, इनमे जो भी पहले हो, उस तारीख तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में कनिष्ट चिकित्सा अधिकारी के पद पर तदर्थ रूप में नियुक्त किया है।

दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० ओ० दो० 27/73-स्थापना—श्री जी० सी० भण्डारी भारतीय रक्षा लेखा सेवा अधिकारी ने अपने मूल विभाग में प्रत्यावर्तन के फलस्वरूप, महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में, सहायक वित्त सलाहकार के पद का कार्यभार दिनांक 9-8-78 (अपराह्न) को सौंप दिया।

सं० ओ० दो० 32/78-स्थापना—राष्ट्रपति, श्री पी० एम० सेन, भारतीय लेखा-परीक्षा एवं लेखा सेवा अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मे सहायक वित्त सलाहकार के पद पर दिनांक 9-8-78 (अपराह्न) से अग्रिम आदेश जारी होने तक नियुक्त करते हैं।

ए० के० बन्द्योपाध्याय
सहायक निदेशक (प्रशासन)

महानिरीक्षक का कार्यालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

नई दिल्ली-110019, दिनांक 24 अगस्त 1978

सं० ई०-16013(1)/78-कार्मिक—संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के निदेशक के रूप में नियुक्ति होने पर श्री एच० सी० जाटव भा० पु० से० (सं० शा० क्षेत्र-59) ने 31 जुलाई, 1978 के अपराह्न से दुर्गापुर स्टील प्लांट, दुर्गापुर के उप महानिरीक्षक/के० औ० सु० ब० पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० ई०-38013(2)/1/78 कार्मिक—मद्रास में स्थानांतरण होने पर श्री डब्ल्यू० जे० डॉसन, भा० पु० से० (केरल-65) ने 28 जुलाई, 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एस० एच० ए० आर० सेंटर श्रीहारीकोटा (आंध्र प्रदेश) के कमांडेंट पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० ई०-38013(2)/1/78-कार्मिक—श्री हारीकोटा से स्थानांतरण होने पर श्री डब्ल्यू० जे० डॉसन ने, श्री एल० एम० देवासहायम के स्थान पर, 3 अगस्त 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट मद्रास पोर्ट ट्रस्ट मद्रास के कमांडेन्ट पद का कार्यभार सम्भाल लिया। श्री देवासहायम ने उक्त पद का कार्यभार उसी तारीख से छोड़ दिया।

सं० ई०-38013(2)/1/78-कार्मिक—होशंगाबाद से स्थानांतरण होने पर श्री वी० जी० थत्ते ने 28 जुलाई, 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट बी० ए० एल० सी० ओ० कोरबा (म० प्र०) के कमांडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

सं० ई०-38013(2)/1/78-कार्मिक—नांगल से स्थानांतरण होने पर दलजीत सिंह ने, ले० कर्नल आर० एस० रंधावा के स्थान पर, 10 जुलाई 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० न० यूनिट बी० एच० ई० एल० हरिद्वार के कमांडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया और ले० कर्नल रंधावा ने उसी तारीख से उक्त पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० ई०-38013(3)/1/78-कार्मिक—बड़ौदा में स्थानांतरण होने पर श्री एम० एल० अबरौल ने 31 जुलाई, 1978 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एच० ई० सी० रांची के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

सं० ई०-38013(3)/1/78-कार्मिक—राष्ट्रपति श्री जी० एस० जौहल को 28 मई 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट आई० ओ० सी० बरौनी का स्थानापन्न रूप से तदर्थ आधार पर सहायक कमांडेंट नियुक्त करते है और उन्होंने उक्त पद का कार्यभार उसी तारीख से सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/1/78-कार्मिक—विशाखापटनम से स्थानांतरण होने पर श्री संतोख सिंह ने 24 जुलाई 1978 के पूर्वाह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट एच० आई० एल० नई दिल्ली के सहायक कमांडेंट पद का कार्यभार सम्भाल लिया ।

सं० ई०-38013(3)/1/78-कार्मिक—दिल्ली से स्थानांतरण होने पर श्री एस० सी० लाल ने 7 अगस्त, 1978 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० मुख्यालय, नई दिल्ली के सहायक कमांडेंट (क० प्र० अ०)/भर्ती व प्रशिक्षण के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

सं० ई०-38013(3)/1/78-कार्मिक—दिल्ली को स्थानांतरण होने पर श्री संतोख सिंह ने 19 जुलाई, 1978 के अपराह्न से के० औ० सु० ब० यूनिट वी० पी० टी० विशाखापटनम के सहायक कमांडेंट के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

नरेन्द्र प्रसाद
सहायक महानिरीक्षक (कार्मिक)
के० औ० सु० ब० मुख्यालय

भारत के महापंजीकार का कार्यालय

नई दिल्ली-110011, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० 10/24/77-प्रशा०-I—संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर, राष्ट्रपति श्रीमती मिनाती घोष को नई दिल्ली में भारत के महापंजीकार के कार्यालय में तारीख 17 जुलाई, 1978 से अगले आदेशों तक नियमित आधार पर अस्थायी तौर पर अनुसंधान अधिकारी (मानचित्र) के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

श्रीमती घोष का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

दिनांक 29 अगस्त 1978

सं० पी० पी०/(35)-प्रशा०I—राष्ट्रपति, इस कार्यालय की तारीख 25 मई, 1978 की समसंख्यांक अधिसूचना के अनुक्रम में भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय के स्थायी हिन्दी अनुवादक, श्री के० एन० पंत की भारत के महापंजीकार के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा हिन्दी अधिकारी के पद पर तदर्थ नियुक्ति की अवधि को 1 जुलाई, 1978 से 30 सितम्बर, 1978 तक या जब तक यह पद नियमित आधार पर भरा जाए, जो भी पहले हो सहर्ष बढ़ाते हैं ।

2. श्री पन्त का मुख्यालय नई दिल्ली में ही रहेगा ।

सं० 12/5/74-म० पं० (प्रशा०-I)—राष्ट्रपति, इस कार्यालय की तारीख 20 फरवरी, 1978 की समसंख्यांक अधिसूचना के अनुक्रम में कलकत्ता में सहायक महापंजीकार (भाषा) के कार्यालय में श्रीमती कृष्णा चौधरी की भाषाविद् के पद पर तदर्थ नियुक्ति की अवधि की तारीख 11 जुलाई, 1978 से और छः महीनों के लिए या जब तक पद नियमित आधार पर भरा जाए, इनमें से जो भी पहले हो सहर्ष बढ़ाते हैं ।

सं० 11/1/77-प्रशा०-I—राष्ट्रपति, इस कार्यालय की तारीख 6 फरवरी, 1978 की समसंख्यांक अधिसूचना के अनुक्रम में निम्नलिखित अधिकारियों की उनके समक्ष दर्शित जनगणना कार्य निदेशक के कार्यालयों में सहायक निदेशक जनगणना कार्य के पदों पर तदर्थ नियुक्ति की अवधियों को तारीख 1 अप्रैल, 1978 से तारीख 26 मई, 1978 तक सहर्ष बढ़ाते हैं :—

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	राज्य	मुख्यालय
1.	श्री एस० के० मजूमदार	उत्तर प्रदेश	लखनऊ
2.	श्री बी० डी० शर्मा	चण्डीगढ़ (संघ शासित क्षेत्र)	चण्डीगढ़

पी० पद्मनाभ
भारत के महापंजीकार

वित्त मंत्रालय
(अर्थ विभाग)
भारत प्रतिभूति मुद्रणालय
नासिक रोड, दिनांक 18 अगस्त 1978

सं० 870/ए—दिनांक 26-7-78 के क्रम में सर्वश्री जे० एच० सय्यद और आर० व्यंकटरमन की उपनियंत्रण अधिकारी के रूप में तदर्थ नियुक्ति दि० 12-7-78 से भारत प्रतिभूति मुद्रणालय में नियमित मानी जाएगी

जी० सी० मुखर्जी
महाप्रबंधक
भारत प्रतिभूति मुद्रणालय

बैंक नोट मुद्रणालय

देवास, दिनांक 24 अगस्त 1978

नस्ती क्र० बी० एन० पी०/सी०/5/78—अधोहस्ताक्षरकर्ता निम्नलिखित स्थायी नियन्त्रण निरीक्षकों को नियमित आधार

पर स्थानापन्न रूप से उपनियंत्रण अधिकारी (समूह-ख राजपत्रित) के पद पर वेतनमान रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-ई० रो०-40-1200 में बैंक नोट मुद्रणालय, देवास में दिनांक 21-8-78 (पूर्वाह्न) से अन्य आदेशों तक सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

(1) श्री एन० के० माथुर

(2) श्री एम० लक्ष्मीनारायणन

विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार उन्हें गुणानुक्रम में दर्शाया गया है।

पी० एस० शिवराम
महाप्रबंधक

भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय
भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० 1089-सी० ए० 1/30-75—उनको नेशनल टेक्सटाईल कारपोरेशन (एम० पि०) लि० में स्थायी रूप से खपाये जाने के कारण श्री एम० एल० कवरा, लेखापरीक्षा अधिकारी (वाणिज्यिक) दिनांक 23-5-77 (पूर्वाह्न) से सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गये।

सुशील देव भट्टाचार्य
संयुक्त निदेशक (वा०)

महालेखाकार का कार्यालय, आन्ध्रप्रदेश
हैदराबाद-500476, दिनांक 22 अगस्त 1978

सूचना

सं० स्थापना/अनुभाग 1/अनुशासन/8ब 232/78-79—इस कार्यालय के अस्थायी लिपिक श्री अफजल मियां (सुपुत्र श्री महबूब अली) को केन्द्रीय सिविल सेवाएं (अस्थायी सेवाएं) नियम 1965 के नियम 1 के उपनियम 5 के अनुसरण में, मैं इसके द्वारा यह सूचित करता हूं कि इस सूचना के प्रकाशन से एक महीने की अवधि समाप्त होते तक या यथास्थिति में उनकी सेवाएं समाप्त की जायेगी।

एस० आर० मुखर्जी,
वरिष्ठ उपमहालेखाकार (प्रसासन)
नियुक्ति प्राधिकारी

कार्यालय, निदेशक लेखा परीक्षा, रक्षा सेवाएं
नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० 2594/स० ए० प्रशासन/130/75-78—वस्त्र उद्योग समिति, भारत सरकार, वाणिज्य मंत्रालय में स्थाई रूप से अन्तर्लयन के परिणामस्वरूप श्री ए० रामचन्द्रन स्थाई लेखा परीक्षा अधिकारी, का ग्रहणाधिकार अवसान इस विभाग में मूल नियम 14-ए(डी) के अधीन दिनांक 31-12-77 (पूर्वाह्न) से हो गया है।

के० बी० दास भौमिक,
वरिष्ठ उपनिदेशक

रक्षा मंत्रालय

महानिदेशालय, आर्डनेन्स फैक्टरियां

भारतीय आर्डनेन्स फैक्टरियां सेवा

कलकत्ता, दिनांक 9 अगस्त 1978

सं० 35/जी/78—राष्ट्रपतिजी, निम्नलिखित अधिकारियों को स्थानापन्न उप-प्रबन्धक/डी ए डी जी ओ एफ के पद पर, प्रत्येक के सामने दर्शायी गई तारीख से आगामी आदेश न होने तक, नियुक्त करते हैं :—

(1) श्री एस० परमस्वामी, स्थायी सहायक प्रबन्धक —22वीं अप्रैल, 1978।

(2) श्री बी० विजयादूराइ, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वी अप्रैल, 1978।

(3) श्री सी० एल० शर्मा, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(4) श्री एस० के० सिन्हा, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(5) श्री वी० के० भसीन, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(6) श्री एस० के० दुआ, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(7) श्री रामावतार अगरवाल, स्थायी सहायक प्रबन्धक —22वीं अप्रैल, 1978

(8) श्री यू० डी० प्रभू, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(9) श्री एस० के० साहु, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978।

(10) श्री हेम राज नाहर, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978।

(11) श्री राम किशन, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978।

(12) श्री एम० जी० कण्डवाल, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(13) श्री वी० एच० आयर, स्थायी सहायक प्रबन्धक— 22वीं अप्रैल, 1978।

(14) श्री जयतिलक विश्वास, सहायक प्रबन्धक (परखावधि) —22वीं अप्रैल, 1978।

(15) श्री टी० एफ० डंकुन्हा, स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक— 22वी अप्रैल, 1978।

(16) श्री ए० के० सिंह, सहायक प्रबन्धक (परखावधि)— 22वीं अप्रैल, 1978।

(17) श्री टी० के० विजयराघवन, सहायक प्रबन्धक (परखावधि)—16वीं जून, 1978।

(18) श्री डा० बी० एन० सिंह, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(19) श्री डा० डी० आर० मिश्रा, स्थायी सहायक प्रबन्धक——22वीं अप्रैल, 1978 ।

(20) श्री ए० के० बंगा, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(21) श्री तापस कुमार बासु, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(22) श्री ओ० पी० चुग, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(23) श्री तपन कुमार बसु, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(24) श्री एच० बी० सिंह, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(25) श्री जे० सी० साहा, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(26) श्री वी० बी० सिंह, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(27) श्री एस० एस० सक्सेना, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वी अप्रैल, 1978

(28) श्री रतन प्रकाश, स्थायी सहायक प्रबन्धक—22वी अप्रैल, 1978 ।

(29) श्री एम० एन० पी० रावला, स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

(30) श्री आर० के० मितल, स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक—22वीं अप्रैल, 1978 ।

वी० के० मेहता,
सहायक महानिदेशक

कलकत्ता-16 दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० 37/78/जी—58 वर्ष की आयु प्राप्त कर श्री जी० एन० रहूलकर, स्थानापन्न सहायक प्रबन्धक [मौलिक एवं स्थायी सहायक स्टोर होल्डर (एन० टी०)] 31-5-78 (अपराह्न) से सेवा निवृत्त हुए ।

वी० के० मेहता,
सहायक महानिदेशक,
आर्डनेन्स फैक्टरियां

वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता मंत्रालय

मुख्य, नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 अगस्त, 1978

आयात तथा निर्यात व्यापार नियंत्रक

स्थापना

सं० 6/320/55-प्रशासन (राज)/5998—सेवा निवृत्ति की आयु होने पर, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग में स्थायी अधिकारी, श्री के० नागराजा राव ने 31 जुलाई, 1978 के अपराह्न से संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात के कार्यालय, मद्रास में नियंत्रक आयात-निर्यात के पद का कार्य भार छोड़ दिया ।

दिनांक 26 अगस्त, 1978

सं० 6161/54-प्रशासन (राज)/5988—सेवा निवृत्ति की आयु होने पर, श्री पी० सी० नन्दा ने 31 जुलाई, 1978 के दोपहरबाद से इस कार्यालय में संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के पद का कार्यभार छोड़ दिया ।

का० वें० शेषाद्रि,
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय

(प्रशासन अनुभाग-6)

नई दिल्ली, दिनांक 21 अगस्त 1978

सं० प्र०-6/247(92)/58—उपमहानिदेशक (निरीक्षण) के पद से अवनति होने पर श्री सी० आर० सरकार ने दिनांक 29-7-78 के अपराह्न से पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय के मुख्यालय में निरीक्षण निदेशक का पदभार सम्भाल लिया ।

सूर्य प्रकाश,
उप निदेशक (प्रशासन)
कृते महानिदेशक, पूर्ति तथा निपटान

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

कलकत्ता-700016, दिनांक 25 अगस्त 1978

सं० 5588/बी/4/72/19ए—भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के भंडार अधीक्षक (तकनीकी) श्री बी० एस० सूद को सहायक भंडार अधिकारी के रूप में उसी विभाग, में वेतन नियमानुसार 650—30—740—35—810—द० रो०—35—880—40—1000—द० रो०—40—1200 रु० के वेततमान में, अस्थाई क्षमता में, आगामी आदेश होने तक 26-6-1978 के पूर्वाह्न से पदोन्नति पर नियुक्त किया जा रहा है ।

वी० एस० कृष्णस्वामी,
महानिदेशक

भारतीय खान ब्यूरो

नागपुर, दिनांक 22 अगस्त 1978

स० ए-19012(39)/71/स्था० ए०—राष्ट्रपति, भारतीय खान ब्यूरो के उप खनिज अर्थशास्त्री श्री जी० डी० कालरा जो नेशनल कौंसिल आफ अपलाईड इकानामिक्स रिसर्च में मीनरालाजीस्ट के पद पर प्रतिनियुक्ति पर हैं, को 19-12-1977 से आगामी आदेश होने तक भारतीय खान ब्यूरो में खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) के रूप में प्रोफार्मा पदोन्नति का अनुमोदन करते हैं ।

दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० ए-19011/58/78-स्था० ए०—राष्ट्रपति श्री एस० एन० चटोपाध्याय को 20 मार्च, 1978 के पूर्वाह्न से स्थानापन्न रूप से भारतीय खान ब्यूरो में अधीक्षक अधिकारी (अयस्क प्रसाधन) के पद पर सहर्ष नियुक्ति प्रदान करते हैं ।

सं० ए-19011/80/78-स्था० ए०—राष्ट्रपति श्री डी० वी० कुलकर्णी, स्थायी उप अयस्क प्रसाधन अधिकारी को 20 मार्च, 1978 के पूर्वाह्न से स्थानापन्न रूप में भारतीय खान ब्यूरो में अधीक्षक अधिकारी (अयस्क प्रसाधन) के पद पर सहर्ष नियुक्ति प्रदान करते हैं ।

सं० ए-19011/228/78-स्था० ए०—राष्ट्रपति श्री पी० आर० बावने को 24 जुलाई, 1978 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक भारतीय खान ब्यूरो में कनिष्ठ खनन भूवैज्ञानी के पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्ति प्रदान करते है ।

एस० बालगोपाल,
कार्यालय अध्यक्ष

नागपुर, दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० ए-19011(14)/76-स्था० ए०—राष्ट्रपति द्वारा श्री बी० के० अन्टीया क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो का त्यागपत्र स्वीकार कर लिए जाने पर उनका नाम दिनाक 6-12-1969 से इस विभाग से निकाल दिया जाता है ।

आशाराम कश्यव,
प्रशासन अधिकारी,
कृते नियंत्रक

भारतीय सर्वेक्षण विभाग

देहरादून, दिनांक 17 अगस्त 1978

स० सी० 5403/707—निम्नलिखित अधिकारियों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग में 650–30–740–35–810–द० रो०-35–800–40–1000–द० रो०–40–1200 रु० के वेतनमान में अधिकारी सर्वेक्षक (ग्रुप बी) के पद पर प्रत्येक के नाम के सामने दी गई तारीख से तदर्थ आधार पर पूर्णतया अनन्तिम रूप से स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है :—

क्रम सं०	नाम तथा पदनाम	यूनिट/कार्यालय	नियुक्ति की तारीख
1	2	3	4
1.	श्री शशिन्द्रा कुमार सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 25 पार्टी (पश्चिमी स०) मसूरी ।	31-5-78
2.	श्री खुशी राम, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 44 पार्टी (म० स०) इन्दौर	26-6-78
3.	श्री निर्मल सिंह, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 79 (फोटो) पार्टी (पश्चिमी स०) देहरादून ।	28-2-78
4.	श्री तिलक राज, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 79 (फोटो) पार्टी (पश्चिमी स०) देहरादून ।	8-3-78
5.	श्री एन० श्रीनिवासन, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० एवं वि० हैदराबाद	25-3-78
6	श्री डी० के० लाल, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 55 पार्टी (पश्चिमी स०) चण्डीगढ़ ।	6-3-78
7.	श्री खुसाल मणि, सर्वेक्षण सहायक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 42 पार्टी (पश्चिमी स०) अम्बाला ।	28-2-78
8.	श्री जे० एन० अनेजा, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 79 (फोटो) पार्टी (पश्चिमी स०) देहरादून ।	28-2-78
9.	श्री आर० के० ठाकुर, सर्वेक्षक सलेक्शन ग्रेड	सं० 56 पार्टी (पश्चिमी स०) चण्डीगढ़ ।	28-2-78
10.	श्री एन० सी० बलहार, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 52 पार्टी (द० म० स०) हैदराबाद ।	31-3-78
11.	श्री आर० पी० हीरा, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	सं० 57 पार्टी (पश्चिमी स०) चण्डीगढ़	9-3-78
12.	श्री करता राम, सर्वेक्षक, सलेक्शन ग्रेड	स० 79 (फोटो) (पश्चिमी स०) देहरादून ।	28-2-78
13.	श्री पी० एन० कौल, ज्योडेटिक कमप्यूटर, आर्डिनरी ग्रेड	सं० 68(ज्वार, भाटा) पार्टी (ज्यो० एवं भा०) देहरादून ।	12-5-78

के० एल० खोसला,
मेजर जनरल,
भारत के महासर्वेक्षक
(नियुक्ति प्राधिकारी)

आकाशवाणी महानिदेशालय

(सिविल निर्माण स्कंध)

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

स० ए-19012/3/74-सी० डब्ल्यू०-I—श्री काहन लाल, सहायक इंजीनियर (सिविल), केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, जो आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के सिविल निर्माण स्कन्ध में प्रतिनियुक्ति पर सहायक कार्य सर्वेक्षक (सिविल) के पद पर प्रतिनियुक्ति थे, वार्धक्य निवर्तन की आयु प्राप्त करने पर सरकारी सेवा से जुलाई, 31, 78 को अपराह्न में सेवा से निवृत्त हो गये ।

एस० रामास्वामी,
अपर मुख्य इंजीनियर (सिविल) के
इंजीनियरी अधिकारी
कृते महानिदेशक

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

प्रकाशन विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 5 जुलाई 1978

सं० ए 12026/6/78-प्र०—निदेशक, प्रकाशन विभाग श्री के० सी० सिंघल लेखा अधिकारी को 3 जुलाई, 1978 से 11 अगस्त, 1978 तक 40 दिन का अवैकाश प्रदान किए जाने के परिणामस्वरूप, इस विभाग के स्थायी वरिष्ठ लेखाकार श्री जी० डी० मदान को स्थानापन्न रूप से तदर्थ आधार पर लेखा अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

यह तदर्थ नियुक्ति श्री मदान को लेखा अधिकारी के ग्रेड में नियमित नियुक्ति का दावा प्रदान नहीं करेगी । यह सेवा के ग्रेड में वरिष्ठता के मामले में भी नहीं जोड़ी जायेगी ।

दिनांक 26 अगस्त, 1978

सं० ए-12025/6/77-प्र०—निदेशक, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, श्री सागर चन्द जैन को 18-7-1978 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश मिलने तक नियमित आधार पर सहायक व्यापार व्यवस्थापक नियुक्त करते हैं ।

इन्द्रराज सिंह,
उप-निदेशक (प्रशासन)
कृते निदेशक

फिल्म प्रभाग

बम्बई-26, दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० 40/पीएफ-II/48-सिब्वन्दी I—श्री महेन्द्र कुमार जैन, सहायक प्रशासकीय अधिकारी, फिल्म प्रभाग, बम्बई की छुट्टी समाप्त होने पर, श्री व्ही० आर० पेसवानी स्थानापन्न सहायक प्रशासकीय अधिकारी, को दिनांक 11 अगस्त, 1978 के दोपहराह्न से उनके अधीक्षक के मूल पद पर प्रत्यावर्तित किया ।

एम० चन्द्रन नायर,
प्रशासकीय अधिकारी,
कृते प्रमुख निर्माता

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 अगस्त 1978

सं० ए० 19020/57/77-प्रशासन I—ईराक सरकार से विदेश सेवा से लौटने पर डा० एन० सी० संगल को 31 मई, 1978 के पूर्वाह्न से डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल तथा नर्सिंग होम, नई दिल्ली में उनके मूल पद पर दन्त चिकित्सक के पद पर तैनात किया गया । उनको उसी दिन से छुट्टी पर जाने की अनुमति दे दी गई । छुट्टी समाप्त होने पर डा० एन० सी० संगल ने 28 जून, 1978 के पूर्वाह्न से डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल तथा नर्सिंग होम में दन्त चिकित्सक के पद का कार्यभार संभाल लिया है ।

दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० ए० 32014/2/78(जे० आई० पी०)/प्रशा० I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने श्री एल० नयनीथाकृष्णनन को 26 अप्रैल, 1978 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थान, पांडिचेरी में सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पूर्णतया तदर्थ आधार पर नियुक्त किया है ।

दिनांक 24 अगस्त 1978

सं० 17-35/71-प्रशासन I—अपने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के चिकित्सा निदेशालय में खाद्य एवं औषध नियंत्रक के पद पर नियुक्त हो जाने के फलस्वरूप डा० एस० सी० श्रीवास्तव ने 8 अगस्त, 1978 अपराह्न से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली में जीव रसायन शास्त्री के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

सं० ए० 12026/16/78-(एच०ओ०)/प्रशासन I—राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो के सहायक संपादक (हिन्दी तथा अंग्रेजी), श्री एन० जी० श्रीवास्तव को 10 जुलाई, 1978 (पूर्वाह्न) से 8 सितम्बर, 1978 तक श्री टी० के० पार्थासार्थी के छुट्टी पर उसी ब्यूरो में तदर्थ आधार पर संपादक के पद पर नियुक्त किया है ।

2. ए०संपादक के पद पर अपनी नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप श्री एन० जी० श्रीवास्तव ने 10 जुलाई, 1978 पूर्वाह्न से केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में सहायक संपादक (हिन्दी तथा अंग्रेजी) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

शामलाल कुठियाला,
उपनिदेशक प्रशासन (सं० य प०)

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० ए० 22012/1/78-स्टोर-I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय से अपनी बदली हो जाने के फलस्वरूप श्री डी० एल० देसीकन ने 29 जून, 1978 पूर्वाह्न से सरकारी चिकित्सा भण्डार डीपू, मद्रास में उप सहायक महानिदेशक (चिकित्सा भण्डार) के पद का कार्यभार संभाल लिया है ।

2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में बदली हो जाने के फलस्वरूप श्री आई० के० अग्रवाल ने 12 जून, 1978 पूर्वाह्न से सरकारी

चिकित्सा भण्डार डीपू गोहाटी से उप सहायक महानिदेशक (एम० एस०) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

संगत सिंह,
उपनिदेशक प्रशासन (स्टोर)

कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय

(ग्रामीण विकास विभाग)

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय

फरीदाबाद, दिनांक 23 अगस्त, 1978

सं० ए० 19023/21/78-प्र०-III—विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, नागपुर में विपणन अधिकारी श्री ज० एन० राव का दिनांक 10 अगस्त, 1978 को निधन हो गया है।

दिनांक 24 अगस्त 1978

सं० ए० 19025/10/78-प्र०-III—सहायक विपणन अधिकारी (वर्ग I) के पद पर निम्नलिखित अधिकारियों को अल्पकालीन नियुक्ति को 31 अक्तूबर, 1978 तक या जब तक कोई नियमित प्रबंध होते हैं, दोनों में से जो भी पहले घटित हो, बढ़ाया गया है :—

1. श्री एस० बी० सक्सेना
2. श्री आर० सी० सिंघल
3. श्री एन० जी० शुक्ला
4. श्री एच० एन० शुक्ला

बी० एल० मनिहार,
निदेशक प्रशासन,
कृते कृषि विपणन सलाहकार

भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र

(कार्मिक प्रभाग)

बम्बई-400085, दिनांक 26 जुलाई 1978

संदर्भ 5/1/78-स्थापना-II/2726—नियंत्रक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नामों के आगे लिखी अवधि के लिए तदर्थ आधार पर स्थानापन्न प्रशासनिक अधिकारी II/सहायक कार्मिक अधिकारी नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	नाम तथा पद	स्थानापन्न नियुक्ति	अवधि	
			से	तक
1	2	3	4	5
			पूर्वाह्न	अपराह्न
1.	श्री एम०एस० गोगिया सहायक अधिकारी II कार्मिक अधिकारी	प्रशासनिक	24-4-78	9-6-78
2.	श्री बी० के० स्वामी सहायक कार्मिक अधिकारी	,,	5-6-78	21-7-78
3.	श्री पी० बी० करंदीकर सहायक	सहायक कार्मिक अधिकारी	24-4-78	9-6-78
4.	श्री के० आर० सी० पिल्लै सहायक	सहायक कार्मिक अधिकारी।	5-6-78	21-7-78

दिनांक अगस्त 1978

संदर्भ: के/302/लेखा/स्थापना II/2955—सेवा निवृत्ति अवस्था के होने पर श्री डी० बी० कामत, एक स्थाई लेखापाल तथा स्थानापन्न लेखा अधिकारी II दिनांक 31 जुलाई, 1978 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए।

दिनांक 1 अगस्त 1978

संदर्भ 5/1/ 8-स्थापना 11/2817—नियंत्रक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नामों के आगे लिखी अवधि के लिए तदर्थ आधार पर स्थानापन्न सहायक लेखा अधिकारी नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	नाम तथा पद	स्थानापन्न नियुक्ति	अवधि	
			से	तक
			पूर्वाह्न	अपराह्न
1.	श्रीमती एच० एच० कपाडिया, सहायक लेखापाल	सहायक अधिकारी	1-5-78	30-6-78
2.	श्री टी० के० राममूर्ति, सहायक लेखापाल	सहायक लेखा अधिकारी	8-5-78	17-6-78

दिनांक 5 अगस्त 1978

संदर्भ 5/1/78-स्थापना II/2850—नियंत्रक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नामों के आगे लिखी अवधि के लिए तदर्थ आधार पर स्थानापन्न प्रशासनिक अधिकारी II/सहायक कार्मिक अधिकारी नियुक्त करते हैं :

क्रम सं०	नाम तथा पद	स्थानापन्न नियुक्ति	अवधि	
			से	तक
1	2	3	4	5
			पूर्वाह्न	अपराह्न
1.	श्री एस० के० कपूर, सहायक कार्मिक अधिकारी।	प्रशासनिक अधिकारी II	14-6-78	15-7-78

1	2	3	4	5
2.	श्री पी० बी० करंदीकर	सहायक कार्मिक अधिकारी	14-6-78	15-7-78

पी० एस० वेंकटसुब्रमण्यम,
उप स्थापना अधिकारी

परमाणु ऊर्जा विभाग

विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग

मुम्बई-5, दिनांक 31 जलाई 1978

सं० पीपीईडी/3(262)/76-प्रशा०-9420—निदेशक, विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग, बम्बई इस प्रभाग के स्थायी उच्च श्रेणी लिपिक और स्थानापन्न प्रवरण कोटि लिपिक श्री एच० एच० शाह को, 17 जुलाई, 1978 के पूर्वाह्न से 29 अगस्त, 1978 के अपराह्न तक के लिए, एतद्द्वारा, उसी प्रभाग में सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त करते हैं। यह नियुक्ति सहायक कार्मिक अधिकारी श्री टी० एस० असवाल के स्थान पर की जा रही है, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया है।

बी० वी० थाट्टे,
प्रशासनिक अधिकारी

नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना

नरोरा, दिनांक 2 अगस्त, 1978

सं० एनएपीपी/प्रशासन/4(2)/78/एस/7971—नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना के मुख्य परियोजना अभियन्ता ने, विद्युत परियोजना इंजीनियरी प्रभाग पूल के स्थायी उच्च श्रेणी लिपिक एवं इस परियोजना के प्रवरण कोटि लिपिक श्री एम० ए० रज्जन की उसी प्रभाग में 650—30—740—35—880—द० रो०—40—960 के वेतनमान में सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर अस्थायी रूप से तदर्थ आधार पर, 24 मई, 1978 के पूर्वाह्न से 17 जुलाई, 1978 के अपराह्न तक के लिये की गई नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति श्री पी० वेणुगोपालन, सहायक कार्मिक अधिकारी के स्थान पर की जा रही है जिन्हें इस परियोजना में उक्त अवधि के लिये प्रशासनिक अधिकारी-I के पद पर पदोन्नत एवं नियुक्त किया गया है।

एस० कृष्णन,
प्रशासनिक अधिकारी

क्रय और भंडार निदेशालय

बम्बई-400001, दिनांक 19 अगस्त 1978

सं० क्र० भ० नि०/2/1(5)/77-प्रशासन/21708—निदेशक क्रय और भंडार, परमाणु ऊर्जा विभाग, श्री एम० के० जान, सहायक भंडार अधिकारी को अवकाश स्वीकृत होने पर, श्री एस० आर० बैंघ, भंडारी को सहायक भंडार अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप में, रु० 650—30—750—35—810—द० रो०—35—880—40—1000—द० रो०—40—1200 के वेतन क्रम में, दिनांक 12-5-78 पूर्वाह्न से 17-6-78 अपराह्न तक नियुक्त करते है।

बी० जी० कुलकर्णी,
सहायक कार्मिक अधिकारी

नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र

हैदराबाद-500762, दिनांक 20 अगस्त 1978

सं० पी ए आर/0705/1644—मुख्य कार्यपालक, नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, श्री टी० लक्ष्मीनरसैया, सहायक लेखाकार, को 15-7-78 से 13-8-1978 तक की अवधि के लिए नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद में तदर्थ रूप से सहायक लेखा अधिकारी नियुक्त करते हैं।

यू० वासुदेव राव,
प्रशासन अधिकारी

भारी पानी परियोजनाएं

बम्बई-400008, दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० भापाप/स्था/1/न-22/3819—भारी पानी परियोजना के विशेष कार्य अधिकारी, श्री वासुदेवन गोपालकृष्णन नायर, अर्ध स्थायी सहायक सुरक्षा अधिकारी, भारी पानी परियोजना (तूतीकोरिन) को उसी परियोजना में 2-5-1978 (पूर्वाह्न) से 3-6-1978 (अपराह्न) तक के लिए श्री एच० बी० प्रिंस, सुरक्षा अधिकारी, जो छुट्टी पर हैं, के स्थान पर अस्थायी रूप से सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करते हैं।

के० शंकरनारायणन,
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी

तारापुर परमाणु बिजलीघर

टीएपीपी(थाना—401504), दिनांक 8 अगस्त 1978

आदेश

सं० टी ए पी एस/प्रशासन/ओ० एण्ड एम०/59(45)/78—चूंकि इस बिजलीघर के ट्रेड्समैन 'क' श्री आई० एच० शेख 23 दिसम्बर, 1977 से ड्यूटी से अप्राधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं;

चूंकि श्री शेख के खिलाफ उपर्युक्त कदाचार के लिये अनुशासनात्मक कार्रवाई आरम्भ की गई थी और तदनुसार एक आरोप-पत्र उनके घर के स्थानीय पते पर और मूल निवास-स्थान के पते पर, दोनों ही जगह, भेजा गया था;

चूंकि श्री शेख के उपर्युक्त पतों पर न मिलने के कारण दोनों पत्र वितरण हुए बिना लौटा दिये गये;

चूंकि गुजरात के 'गुजरात मित्र' और महाराष्ट्र के 'लोक-सत्ता' में एक नोटिस प्रकाशित करके श्री शेख को उनके खिलाफ की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाई की सूचना दी गई थी और उनसे कहा गया था कि वे उक्त नोटिस के प्रकाशित होने की तारीख के 30 दिन के भीतर मेरे सम्मुख स्वयं हाजिर हों;

चूंकि श्री शेख उक्त नोटिस के प्रकाशित होने की तारीख के 20 दिन बाद भी मेरे सामने हाजिर नहीं हुए;

और चूंकि ऊपर दिये गये तथ्यों को देखते हुए विचार है कि श्री शेख के खिलाफ जांच करना समुचितरूपेण व्यावहारिक नहीं है ;

अतः अब मैं एतद्द्वारा आदेश देता हूं कि श्री आई० एच० शेख को इस आदेश के प्रकाशित होने की तारीख से नौकरी से हटा दिया जाये ।

के० पी० राव,
मुख्य अधीक्षक

रिएक्टर अनुसंधान केन्द्र

कलपक्कम, दिनांक 29 जुलाई 1978

सं० ए० 32023/1/77-आर०-14305—रिऐक्टर अनुसंधान केन्द्र के परियोजना निदेशक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के स्थायी आशुलिपिक तथा इस केन्द्र के स्थानापन्न प्रवरण कोटि आशुलिपिक श्री एम० कृष्णामूर्ति को, एतद्द्वारा 17 जुलाई, 1978 से 30 अगस्त, 1978 तक की अवधि के लिए तदर्थ आधार पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

आर० एच० षण्मुखम,
प्रशासनिक अधिकारी
कृते परियोजना निदेशक

अन्तरिक्ष विभाग

सिविल इंजीनियरी प्रभाग

बंगलौर-560025, दिनांक 28 जुलाई 1978

शुद्धिपत्र

सं० 10/5(28)/76-सि० इं० प्र० (एच०)—सिविल इंजीनियरी प्रभाग, अन्तरिक्ष विभाग की दिनांक 6 दिसम्बर, 1976 की अधिसूचना सं० 10/5(28)/76-सि० इं० प्र० (एच०) निम्न प्रकार ठीक मानी जायेगी :—

1. क्रम संख्या 1 और 4 में सर्वश्री एच० राजासिम्हा और पी० राजा रेड्डी के नामों को निकाला जायेगा और क्रम संख्या 2 और 3 को क्रमशः क्रम संख्या 1 और 2 के रूप में पुनः संख्या दी जायगी।

2. उक्त अधिसूचना में निम्न पैरा जोड़ा जायेगा:—

2. अन्तरिक्ष विभाग के सिविल इंजीनियरी प्रभाग, बंगलौर के मुख्य अभियंता अन्तरिक्ष विभाग के सिविल इंजीनियरी प्रभाग में निम्नलिखित अधिकारियों की भी इसी प्रभाग में इंजीनियर एस० बी० के पद पर स्थानापन्न रूप में उनके नामों के सामने दी गई तारीखों से आगामी आदेश तक नियुक्ति करते हैं:—

क्रम संख्या	नाम	वर्तमान स्थानापन्न पद	इंजीनियर एस० बी० के पद पर नियुक्ति की तारीख
1.	श्री एच० राजासिम्हा	पर्यवेक्षक (तकनीकी सहायक 'सी०')	1-7-1976
2.	श्री पी० राजा रेड्डी	पर्यवेक्षक (तकनीकी सहायक 'सी०')	1-7-1976

पी० आई० यू० नम्बियार,
प्रशासन अधिकारी-II
कृते मुख्य अभियंता

पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्रालय

भारत मौसम विज्ञान विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० ई०(I) 00920—निदेशक, प्रादेशिक मौसम केन्द्र, बम्बई, भारत मौसम विज्ञान विभाग में अस्थाई सहायक मौसम विज्ञानी डा० के० के० सी० गर्ग का त्यागपत्र 1 अगस्त 1978 के पूर्वाह्न से स्वीकार कर लिया गया है।

सं० ई०(I) 07062—वेधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली भारत मौसम विभाग में स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी श्री जे० एल० चुग का त्यागपत्र 16-3-1978 के पूर्वाह्न से स्वीकार कर लिया गया है।

गुरुमुखराम गुप्ता,
मौसम विज्ञानी
कृते वेधशालाओं के महानिदेशक

महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० ए० 32013/6/76-ई० एस०—इस कार्यालय की दिनांक 3-3-1978 की अधिसूचना सं० ए० 32013/6/76-ई०एस० के क्रम में राष्ट्रपति ने निम्नलिखित अधिकारियों की विमान निरीक्षक के ग्रेड में हुई तदर्थ नियुक्ति की अवधि उनके नाम के सामने दी गई तारीखों तक अथवा पदों के नियमित आधार पर भरे जाने तक जो भी पहले हो, बढ़ा दी है :—

1. श्री अनुपम बागची . . 31-12-1978
2. श्री एस० मजुमदार . . 31-12-1978
3. श्री एच० एम० फूल . 31-12-1978

4.	श्री एच० एल० महालिंग्म	31-12-1978
5.	श्री ए० के० राय	31-12-1978
6.	श्री एस० पी० सिंह	31-12-1978
7.	श्री डी० पी० घोष	31-12-1978
8	श्री एल० एम० माथुर	30-9-1978
9.	श्री हरिहर प्रसाद	30-9-1978
10.	श्री आर० एन० शास्त्री	30-9-1978

दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० ए०-32013/8/77-ई० सी०—इस विभाग की दिनांक 4 मई 1978 की अधिसूचना सं० ए०-32013/8/77-ई० सी० के क्रम में राष्ट्रपति ने नागर विमानन विभाग के निम्नलिखित उपनिदेशकों/नियंत्रकों, संचार की तदर्थ नियुक्ति की अवधि 31-12-78 तक अथवा ग्रेड में नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले पड़े, बढ़ा दी है :—

1. श्री एम० एस० कृष्णन
2. श्री एस० के० नाथ
3. श्री ए० एन० नाथ
4. श्री वी० के० कालड़ा
5. श्री बी० एस० ग्रेवाल

सुरजीत लाल खंडपुर,
सहायक निदेशक प्रशासन

विदेश संचार सेवा

बम्बई, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० 1/407/78-स्था०—विदेश संचार सेवा के महानिदेशक एतद्द्वारा कलकत्ता शाखा के ज्येष्ठ फोरमैन, श्री ए० के० साहा को अल्पकालीन रिक्त स्थान पर 10-4-78 से 21-7-78 (दोनों दिन समेत) तक की अवधि के लिए उसी शाखा में स्थानापन्न रूप से मुख्य मेकेनिशीयन नियुक्त करते हैं।

एच० एल० मलहोत्रा,
उप-निदेशक (प्रशा०)
कृते महानिदेशक

बम्बई, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० 1/458/78-स्था०—विदेश संचार सेवा के महानिदेशक एतद्द्वारा श्री वी० अंलगारसामी को 1 जुलाई 1978 के पूर्वाह्न से और आगामी आदेशों तक स्विचींग काम्पलेक्स, बम्बई में अस्थायी तौर पर सहायक अभियंता नियुक्त किया जाता है।

पा० की० मो० नायर,
निदेशक (प्रशा०)
कृते महानिदेशक

वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय

देहरादून, दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० 16/296/77-स्थापना-I—अध्यक्ष, वन अनुसंधान संस्थान एवं महाविद्यालय, देहरादून श्री तपस चन्द्रमैटी, को, वन अनुसंधान सस्थान एवं महाविद्यालय, देहरादून के अधीन, पाचवीं पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत 'वन मृदा प्रयोगशालाये (वन मृदा व वनस्पति सर्वेक्षण)' के क्षेत्रीय केन्द्र मिदनापुर मे, दिनांक 11 मई, 1978 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक सहर्ष अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करते है।

गुरदयाल मोहन,
कुल सचिव,
वन अनुसधान संस्थान एवं महाविद्यालय

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क समाहर्तालय

बम्बई, दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० II/3ई० (ए०) 2/78—बम्बई के० उ० शु० समाहर्तालय के निम्नलिखित समूह 'ख' के अधिकारी (अधीक्षक/-प्रशासनिक अधिकारी/सहा० मुख्य लेखा अधिकारी) अधिवार्षिकी पर अपने नामों के आगे अंकित तिथियों को अपराह्न में सेवा- निवृत्त हो गए है।

क्रमांक	नाम एवं पदनाम	सेवा निवृत्ति की तिथि
1	2	3
1.	श्री ए० पी० डिसोजा (प्रशासनिक अधिकारी)	31-1-1977
2.	श्री ए० एम० पार्यतोंडे (अधीक्षक)	31-1-1977
3.	श्री आर० आर० दांडीवाला (स० मु०ले० अ०)	28-2-1977
4.	श्री डी० एल० दिवेकर (अधीक्षक)	28-2-1977
5.	श्री आर० डी० नार्वेकर (अधीक्षक)	31-5-1977
6.	श्री जी० एस० बर्वे (अधीक्षक)	30-6-1977
7.	श्री वि० जी० कर्णिक (स० मु० ले० अ०)	30-6-1977
8.	श्री के० एम० तलाठी (अधीक्षक)	31-7-1977
9.	श्री आर० जे० फर्नांडीस (अधीक्षक)	31-8-1977
10.	श्री ए० वी० क्षीरसागर (अधीक्षक)	31-8-1977
11.	श्री एस० एफ० एक्स० डिसोजा (स० मु० ले० अ०)	30-9-1977
12.	श्री वी० एस० भडगांवकर (अधीक्षक)	31-10-1977
13.	श्री ए० डी० शुक्ला (अधीक्षक)	31-10-1977
14.	श्री बी० एस० प्रधान (अधीक्षक)	30-11-1977
15.	श्री जे० एन० केन्डल (अधीक्षक)	30-11-1977
16.	श्री वी० एस० डोले (अधीक्षक)	31-12-1977

1	2	3
17.	श्री बी० एस० अजिक्य (अधीक्षक) .	31-12-1977
18.	श्री आर० एम० शेलार (अधीक्षक) .	31-12-1977
19.	श्री जे० आर० वी० रोड्रिग्स (अधीक्षक)	31-12-1977
20.	श्री ए० एम० एच० फसाटे (अधीक्षक)	28-2-1978
21.	श्री एम० एस० सेंजीत (अधीक्षक) .	31-3-1978
22.	श्री एन० डी० हीरे (अधीक्षक) .	30-4-1978
23.	श्री आर० आर० रायकर (अधीक्षक)	30-4-1978
24.	श्री बी० डी० पटेल (अधीक्षक) .	30-4-1978
25.	श्री एन० जी० नाबर (अधीक्षक) .	30-6-1978
26.	श्री के० एच० अलमोला (अधीक्षक) .	30-6-1978
27.	श्री जी० आई० बसन्तानी (अधीक्षक)	30-6-1978

सं० II/3ई (ए) 2/78—बम्बई केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय समूह 'ख' के निम्न अधीक्षकों का अपने नामों के आगे अंकित तिथियों को देहावसान हो गया :—

क्रमांक	नाम	मृत्यु की तिथि
1.	श्री जी० आर० आहूजा . .	31-5-1977
2.	श्री बी० टी० रावूल . .	14-7-1977
3.	श्री डी० ओ० फीशर . .	5-8-1977

सं० II/3ई(ए) 2/78—निम्नलिखित वरित श्रेणी निरीक्षकों ने प्रोन्नति पर के० उ० शु० समाहर्तालय बम्बई में स्थानापन्न अधीक्षक के० उ० शु० समूह 'ख' के रूप में अपने नामों के आगे अंकित तिथियों से कार्यभार सम्भाल लिया है :—

क्रमांक	नाम	कार्यभार सम्भालने की तिथि
1.	श्री वी० जी० कुमार .	1-12-1977 (पूर्वा०)
2.	श्री ए० एच० एम० काझीम	31-12-77 (अप०)
3.	श्री जी० डबल्यू० जोशी	31-12-77 (अप०)
4.	श्री एस० वी० पाजणकर	31-12-77 (अप०)
5.	श्री वी० ए० व्यंकटाचलन	23-1-1978 (पूर्वा०)
6.	श्री ए० के० राजहंस .	31-12-1977 (अप०)
7.	श्री जी० डी० आठलेकर	21-12-1977(अप०)
8.	श्री एस० ई० कपूर .	वही
9.	श्री टी० जी० नागपाल	वही
10.	श्री ए० यू० गडवे	वही
11.	श्री बी० एच० जोशी	वही
12.	श्री जेड० डी० पिरेल	वही
13.	श्री एस० एन० सेजपाल	वही

सं० II/3ई० (ए०) 2/78 —निम्नलिखित कार्यालय अधीक्षकों ने प्रोन्नति पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालय बम्बई में प्रशासनिक अधिकारी/सहायक मुख्य लेखा अधिकारी, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह 'ख' के रूप में अपने नामों के आगे अंकित तिथियों से कार्यभार सम्भाल लिया है:—

क्रमांक	नाम	कार्यभार सम्भालने की तिथि
1.	श्री वी० के० वैद्य प्रशासनिक अधिकारी . .	10-2-1977(पूर्वा०)
2.	श्री एम० आर० किर्तिकर प्रशासनिक अधिकारी .	9-2-1977 (पूर्वा०)
3.	श्री वी० वी० गोगटे, प्रशासनिक अधिकारी .	28-2-1977 (पूर्वा०)
4.	श्री एल० एच० धारक, स० मु० ले० अ० . .	7-2-1977 (पूर्वा०)
5.	श्री आर० जी० मेमाने, प्रशा० अधिकारी . .	25-2-1977 (पूर्वा०)
6.	श्री एम० के० पगारे प्रशा० अधिकारी .	9-2-1977 (पूर्वा०)
7.	श्री एस० एच० आलवणकर, स० मु० ले० अ० .	1-3-1977 (पूर्वा०)
8.	श्री एस० एफ० एक्स० डिसोजा स० मु० ले० अ० .	16-5-1977(पूर्वा०)
9.	श्री जी० एम० पिन्जानी, प्रशासनिक अधिकारी .	4-2-1978(अप०)
10.	श्री वी० वी० जोगलेकर, स० मु० ले० अ० .	17-1-1978 (पूर्वा०)
11.	श्री ए० एच० आई० शेख स० मु० ले० अ० .	18-1-1978(पूर्वा०)
12.	श्री डी० बी० जोशी, स० मु० ले० अ० .	18-1-1978(पूर्वा०)
13.	श्री जी० के० ताम्बे प्रशासनिक अधिकारी . .	18-1-1978 (पूर्वा०)

ई० आर० श्रीकण्ठय्या
समाहर्ता, के० उ० शु० बम्बई

कानपुर, दिनांक 26 अप्रैल, 1978

सं० 12/78—श्री पी० एन० आर्या निरीक्षक (प्रवरण कोटि) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने, अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वर्ग 'ख' वेतनमान रु० 650-30-740-35-810 द० रो० 35-880-40-1000 द० रो० 40-1200 के पद पर अपनी पदोन्नति के फलस्वरूप देखिए इस कार्यालय स्थापना आदेश सं० 11-22-ई० दिनांक 9-1-78 के अन्तर्गत निर्गत

कार्यालय स्थापना आदेश सं० 1/ए०/78 दिनांक 9-1-78 अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एम० ओ० आर० मथुरा के पद का कार्यभार दिनांक 17-1-78 पूर्वाह्न को ग्रहण किया।

सं० 13/78—श्री पी० एस० व्यास निरीक्षक (प्रवरण कोटि) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वर्ग 'ख' वेतनमान रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200, के पद पर अपनी पदोन्नति के फलस्वरूप—देखिए इस कार्यालय के पृष्ठांकन प० सं० 11-22/ई० टी०/78/44 दिनांक 9-1-78 के अन्तर्गत निर्गत कार्यालय स्थापना आदेश सं० 1/ए०/4/-1978 दिनांक 9-1-78 अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक (ख) एम० ओ० आर० हाथरस के पद का कार्यभार दिनांक 16-1-78 को ग्रहण किया।

सं० 14/78—श्री एस० वी० शर्मा निरीक्षक, "प्रवरण कोटि" केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वर्ग 'ख' वेतनमान रु० 650-30-740-35-810-द० रो० 35-880-40-1000 द० रो०-40- 1200 के पद पर अपनी पदोन्नति के फलस्वरूप—देखिए इस कार्यालय के पृष्ठांकन प० सं० 11-22-ई० टी०/78/44 दिनांक 9-1-78 के अन्तर्गत निर्गत कार्यालय स्थापना आदेश सं० 1/ए०/4/1978 दिनांक 9-1-78 अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क मुख्यालय कानपुर के पद का कार्यभार दिनांक ग्रहण किया।

सं० 18/78—श्री एच० एस० मित्रा निरीक्षक (प्रवरण कोटि) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने, अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वर्ग 'ख' वेतनमान रु० 650-30-740-35-810 द० रो० 35-880-40-1000-द० रो० 40-1200 के पद पर अपनी पदोन्नति के फलस्वरूप देखिए इस कार्यालय के पृष्ठांकन प० सं० 11-22-ई० टी०/78/44 दिनांक 9-1-78 के अन्तर्गत निर्गत कार्यालय स्थापना आदेश सं० 1/ए०/4/1978 दिनांक 9-1-78 अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक मुख्यालय कानपुर (मु०) के पद का कार्यभार दिनांक 176-7-78 पूर्वाह्न ग्रहण किया।

सं० 23/78—श्री वीरेन्द्र स्वरूप निरीक्षक "प्रवरण कोटि" केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वर्ग 'ख' वेतनमान रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के पद पर अपनी पदोन्नति के फलस्वरूप देखिए समाहर्ता के० उ० शु० इलाहाबाद के पृष्ठांकन संख्या 11 "39" 24-ई० 7487 दिनांक 10-1-78 के अन्तर्गत निर्गत आदेश सं० 5/78 दिनांक 10-1-78 स्था० के उ० शुल्क कानपुर एम० ओ० आर० III के पद का कार्यभार दिनांक 25-2-78 ग्रहण किया।

के० प्रकाश आनन्द
समाहर्ता

पटना, दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० 11(7)2/स्था०/78/8453—इस कार्यालय के स्थापना आदेश संख्या 204/78 दिनांक 15-7-78 के अनुसार निम्नलिखित कार्यालय अधीक्षकों को स्थानापन्न प्रशासन अधिकारी/सहायक मुख्य लेखा पदाधिकारी, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क ग्रुप 'बी' के रूप में पदोन्नत किया गया तथा उन लोगों ने प्रशासन पदाधिकारी/सहायक मुख्य लेखा पदाधिकारी के रूप में वेतनमान रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200/- तथा नियमान्तर्गत देय सामान्य भत्तों के सहित वेतनमान पर उनके नाम के सामने दिखाए गए स्थान, तिथि और समयानुसार कार्यभार ग्रहण किया। श्री योगन्द्र प्रसाद की नियुक्ति ग्रुप 'बी' में पर्णतः तदर्थ आधार पर किया गया है।

पदाधिकारी का नाम	पदस्थापन के स्थान	कार्य-ग्रहण तिथि
1. श्री गौरी शंकर सिंह	सहायक मुख्य लेखा अधिकारी (लेखा) केन्द्रीय उत्पाद, पटना	15-7-78 (अपराह्न)
2. श्री एस० एन० बनर्जी	प्रशासन पदाधिकारी केन्द्रीय उत्पाद, धनबाद	29-7-78 (पूर्वाह्न)
3. श्री योगन्द्र प्रसाद	सहायक मुख्य लेखा अधिकारी (राजस्व) (लेखा परीक्षा) केन्द्रीय उत्पाद, पटना	15-7-78 (अपराह्न)

ए० एम० सिन्हा
समाहर्ता
केन्द्रीय उत्पाद, पटना

नौवहन एवं परिवहन मंत्रालय

नौवहन महानिदेशालय

बम्बई-400001, दिनांक 25 अगस्त 1978

सं० 11टी०आर०(2)/78—राष्ट्रपति श्री जियाउद्दीन को मरीन इंजीनियरी प्रशिक्षण निदेशालय, कलकत्ता में व्यावहारिक विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में तारीख 5 जुलाई 1978 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक नियुक्त करते हैं

के० एस० सिंधू
नौवहन उप महानिदेशक

केन्द्रीय जल आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 18 अगस्त, 1978

सं० ए०-32014/1/77-प्रशासन-पांच (खण्ड-II) — विभागीय पदोन्नति समिति (ग्रुप बी०) की सिफारिश पर

अध्यक्ष , केन्द्रीय जल आयोग, श्री ए० जे० थोमस, अशिकल्प सहायक को, जिन्होंने नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लि० में संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियक्ति में रहते हुए "आसन्न कनिष्ठ नियम" की सभी शर्तें पूरी की है, अनुपस्थिति में, स्थानापन्न रूप में अतिरिक्त सहायक निदेशक/सहायक अभियंता की श्रेणी में रु० 650-30-740-35-810 द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में 3 जून, 1977 की पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक नियुक्त करते हैं।

2. श्री ए० जे० थोमस 5 मार्च, 1978 से, अर्थात् जिस तारीख को उन्होंने नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लि० से वापस लौटकर पद का कार्यभार ग्रहण किया, दो वर्ष पर्यन्त परिवीक्षा पर रहेंगे।

सं० ए०-19012/705/78-प्रशासन-पांच—अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, निम्नलिखित अधिकारियों को अतिरिक्त सहायक निदेशक/सहायक अभियंता की श्रेणी में स्थानापन्न रूप में रु०-650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000 द० रो०-40-1200 के वेतनमान में उनके सामने दी गई तिथियों से छः मास पर्यन्त नियुक्त करते हैं।

उन्होंने अपने नामों के सामने दिये गए कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लिया है :—

क्र० सं०	अधिकारी का नाम व पदनाम	पदोन्नति कि तारीख	कार्यालय का नाम जहां पदस्थापित किए गए
1.	श्री बी० आर० रेड्डी पर्यवेक्षक	22-6-78 (पूर्वाह्न)	तिपाई मुख अन्वेषण प्रभाग-2, इम्फाल
2.	श्री के० कुन्हीरामन, पर्यवेक्षक	22-6 78 (पूर्वाह्न)	मिराज गैजिंग, उप-प्रभाग, मिराज
3.	श्री ई० करुणाकरण, पर्यवेक्षक	29-6-78 (अपराह्न)	केन्द्रीय बाढ़ पूर्वानुमान प्रभाग, हैदराबाद

जे० के० साहा,
अवर सचिव,
केन्द्रीय जल आयोग

निर्माण महानिदेशक

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1978

सं० 33/12/73-ई० सी०-9(भाग-6)—राष्ट्रपति, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित श्री ए० के० कनसल की केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में 1100-50-1600 रुपए के वेतनमान में 1100/- रुपए प्रतिमास पर सामान्य शर्तों पर 24-7-78 (पूर्वाह्न) से वास्तुक के अस्थायी पद पर (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह-ए) नियुक्त करते हैं।

2. श्री कन्सल 24-7-78 पूर्वाह्न से दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखे जाते हैं।

3. 14-8-78 (अपराह्न) से श्री कन्सल की श्री ए० के० पाठक वास्तुक जिनकी पदोन्नति वरिष्ठ वास्तुक के रूप में हो गई है के एवज में मुख्य इन्जीनियर (सी० डी० ओ०) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली के अधीन, वरिष्ठ वास्तुक (कन्सल्टेंसी) एकक में तैनाती की जाती है।

कृष्ण कान्त,
प्रशासन उपनिदेशक

उत्तर रेलवे

नई दिल्ली-1, दिनांक 15 जुलाई 1978

सं० 27—भारतीय रेल अभियांत्रिकी विभाग के श्री जे० के० माथुर स्थानापन्न मुख्य ब्रिज अभियंता उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय 30 जून, 1978 के अपराह्न से आयु अधीन सेवा निवृत्त हो गए हैं।

आर० श्रीनिवासन,
महाप्रबन्धक

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

पाण्डु, दिनांक 21 अगस्त 1978

सं० ई०/55/III/91/भाग-III ओ०—श्री ए० के० विश्वास जो यातायात परिचालन और वाणिज्य विभाग में अवर वेतन-मान अधिकारी हैं, अभी पूर्व रेलवे में अवर प्रशासन ग्रेड में उप मुख्य परिचालन अधीक्षक सर्वेक्षण के पद पर स्थानापन्न कर रहे हैं, को दिनांक 10-3-76 से प्रवर वेतन-मान में स्थायी किया जाता है।

एम० आर० एन० मूर्ति,
महाप्रबन्धक

पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय

(पूर्ति विभाग)

राष्ट्रीय परीक्षण गृह अलीपुर

कलकत्ता, दिनांक 24 अगस्त 1978

सं० जी०-318/ए०/—निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण गृह कलकत्ता, श्री पी० के० चक्रवर्ती को 20 मार्च, 1978 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक राष्ट्रीय परीक्षण गृह, बम्बई शाखा, बम्बई में सहायक निदेशक (प्रशासन) ग्रेड-II के रूप में नियुक्त करते हैं।

ए० के० मजूमदार,
उप निदेशक (प्रशासन)
राष्ट्रीय परीक्षण गृह, अलीपुर
कलकत्ता

विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय
(कम्पनी कार्य विभाग)
कम्पनी विधि बोर्ड
कम्पनियों के रजिस्ट्रार का कार्यालय

कम्पनी अधिनियम, 1956 और राय साहब एस० अरोरा एण्ड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के विषय में
पटना, दिनांक 21 अगस्त 1978

सं० (268)-3/560/78-79-3128—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उप धारा (3) के अनुसार एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर राय साहब एस० अरोरा एण्ड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

एस० बनर्जी,
कम्पनी रजिस्ट्रार, बिहार

कम्पनी अधिनियम 1956 और लुधियाना हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड के विषय में
जालंधर, दिनांक 24 अगस्त 1978

सं० 9/)एस० डब्ल्यू०/3110—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन मास के अवसान पर लुधियाना हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड का नाम, इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

सत्य प्रकाश तायल
कम्पनी रजिस्ट्रार
पंजाब एवं चन्दीगढ़ हिमाचल प्रदेश

भारतीय कम्पनी अधिनियम 1913
अहमदाबाद, दिनांक 28 अगस्त 1978

सं० 355/लाक्वीडेशन—कम्पनी अधिनियम 1913 और श्री सिध्यापुर टैक्सटाइलस प्राइवेट लिमिटेड के विषय में 1913 की धारा 247 की उपधारा (5) के अनुसण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मेसर्स श्री सिध्धपुर टैक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड का नाम आज रजिस्टर से दिया गया है और उक्त कम्पनी विघटित हो गई है।

जे० गो० गाथा,
कम्पनियों का रजिस्ट्रार
गुजरात

आयकर अपील अधिकरण
बम्बई-400020, दिनांक 22 अगस्त 1978

सं० एफ०-48ए०डी० (ए०टी०)/78 भाग-II—श्री आर० के० घोष, स्थानापन्न सहायक अधीक्षक, आयकर अपील अधिकरण बम्बई न्यायापीठ, बम्बई को आयकर अपील अधिकरण, जयपुर न्यायापीठ, जयपुर में तदर्थ आधार पर अस्थायी क्षमता में सहायक पंजीकार के पद पर 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान पर दिनांक 18 अगस्त, 1978 (पूर्वाह्न) से तीन महीने के लिए या तब तक जब तक उक्त पद हेतु संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती जो भी शीघ्रतर हो, स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है।

उपर्युक्त नियुक्ति तदर्थ आधार पर है और यह श्री आर० के घोष को उसी श्रेणी में नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा प्रदान नहीं करेगी और उनके द्वारा तदर्थ आधार पर प्रदत्त सेवाएं उसी श्रेणी में न तो वरीयता के अभिप्राय से परिगणित की जाएगी और न उससे निकटतम उच्चतर श्रेणी में पदोन्नति किए जाने की पात्रता ही प्रदान करेगी।

डी० रंगास्वामी
अध्यक्ष

कार्यालय, आयकर आयुक्त
पटना, दिनांक 26 अगस्त 1978

सं० जी० सी०-3/XV-1/77-78/31876—केन्द्रीय सरकार की राय में यह जनहित की दृष्टि से आवश्यक एवं समीचीन है कि उन निर्धारितियों के नाम तथा उनसे संबंधित अन्य ब्यौरे प्रकाशित कर दिए जाएं जिन पर कम से कम 5000/- रुपए या उससे अधिक अर्थदण्ड लगाया गया था। मैं एतद्द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की 287 के अधीन बिहार आयकर प्रभार के उन निर्धारितियों के नाम तथा अन्य ब्यौरे प्रकाशन के लिए अधिसूचित करता हूं जिन पर वित्तीय वर्ष 1976 77 के दौरान कम से कम 5000/- रुपए या अधिक का अर्थदण्ड लगाया था। प्रविष्टियों का क्रम इस प्रकार है :—

(क) हैसियत निर्देश व्यक्ति के लिए 'व्यष्ठि' हिन्दी अविभक्त परिवार के लिए (हि० अ० प०), फर्म के लिए 'फर्म' (ख) निर्धारण वर्ष (ग) अर्थदण्ड की राशि।

(1) श्री तेजा सिंह, रातु रोड, रांची (क) व्यष्टि (ख) 1972-73 (ग) 12000/- रु० (2) मैसर्स/गजानन्द छोटे लाल, रांची (क) हि० अ० प० (ख) 1972-73 (ग) 5335/- रु० (3) मैसर्स लक्ष्मी नारायण एण्ड सन्स, लालपुर (क) फर्म (ख) 1972-73 (ग) 5655/- रु०।

दिनांक 17 अगस्त 1978

सं० जी० सी०-3/ -1/77-78/3/1869—केन्द्रीय सरकार की राय में यह जनहित की दृष्टि से आवश्यक एवं समीचीन है कि उन निर्धारितियों के नाम तथा उनसे सम्बन्धित अन्य ब्यौरे प्रकाशित कर दिए जाएं जिनके ऊपर एक लाख रु० से अधिक की आयकर की राशि बकाया है। मैं, एतद्द्वारा, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 287 के अधीन बिहार आयकर प्रभारों के उन निर्धारितियों के नाम

तथा अन्य ब्यौरे प्रकाशन के लिए अधिसूचित करता हूं जिनके पास (वित्तीय वर्ष 1976-77 के अन्त तक) दो वर्ष से या उससे अधिक अवधि से कर बकाया है।

क्र० सं०	नाम तथा पता	राशि
1.	मैसर्स प्रभु दयाल मोह लाल, कीरकेन्द, धनबाद।	1,15,000/- रुपए
2.	कृपा शंकर जायसवाल, लालपुर, रांची।	1,79,925/- रुपए (1,30,000/- प्रकाशन की तिथि तक)
3.	गिरिजा शंकर जायसवाल, लालपुर, रांची।	1,52, 196/- रुपए
4.	देवनारायण जायसवाल, लालपुर, रांची।	2,48,631/- रुपए (2,43,000/- रुपए प्रकाशन की तिथि तक)
5.	मैसर्स जगन्नाथ नन्दलाल, रांची।	1,06,159/- रुपए

सं० जी० सी०-3(-I/77-78/31873—केन्द्रीय सरकार की राय में यह जनहित की दृष्टि से आवश्यक एवं समीचीन है कि उन सभी व्यक्तियों तथा हिन्दू अविभक्त परिवारों, जिनका निर्धारण 2 लाख रुपए से अधिक की आय पर हुआ था तथा उन फर्मों, व्यक्ति संघों एवं कम्पनियों जिनका निर्धारण 10 लाख रुपए अधिक की आय पर हुआ था, के नाम तथा अन्य ब्यौरे प्रकाशित किए जाएं। मैं, एतद्द्वारा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 287 के अधीन आयकर प्रभार बिहार-I तथा-II के निम्नलिखित निर्धारितियों के नाम तथा अन्य ब्यौरे प्रकाशन के लिए अधिसूचित करता हूं जिनका वित्तीय वर्ष 1976-77 के मध्य इस प्रकार का निर्धार हुआ है। प्रविष्टिक्रम इस प्रकार है:—

(क) हैसियत निर्देश व्यक्तिगत के लिए 'व्यष्टि' हिन्दु अविभक्त परिवारों के लिए 'हि० अ० पु०' फर्म के लिए 'फर्म', कम्पनी के लिए 'कं' (ख) निर्धारण वर्ष (ग) विवरणी में बताई गई आय (घ) निर्धारित आय (च) निर्धारिती द्वारा देय कर तथा (छ) निर्धारिती द्वारा चुकाया गया कर।

(1) श्री मिश्री लाल जैन, चाईबासा (क) व्यष्टि (ख) 1976-77 (ग) 1,44,74,480- रु० (घ) 1,45,40,720/- रु० (च) 1,11,72,915/- रु० (छ) 1,11,72,915/- रु० (2) मैसर्स यादोगोड़ा स्टील वर्क्स लि० (जापान), जमशेदपुर (क) कं० (ख) 1976-77 (ग) 25,37,840/- रु० (घ) 25,37,840/- रु० (च) 13,32,366/- रु० (छ) 13,32,366 /- रु० (3) मैसर्स रतन जर्दा सप्लाई कम्पनी, मुज्जफ्फरपुर, (क) फर्म (ख) 1975-76 (ग) 23,87,600/- रु० (घ) 24,32,530/- रु० (च) 6,26,788/- रु० (छ) 6,26,788/- रु० (4) रुकमणि देवी द्वारा मेसर्स/- रतन जर्दा सप्लाई कं० मुजफ्फरपुर (क) व्यष्टि (ख) 1975-76 (ग) 2,64,677/- रु० (घ) 2,69,640/- रु० (च) 1,84,226/- रु० (छ) 1,84,226/- रु० (5) अवन्ती लाल द्वारा मैसर्स रतन जर्दा सप्लाई कं०, मुजफ्फरपुर (क) व्यष्टि (ख) 1975-76 (ग) 2,96,430/- रु० (घ) 3,02,050/- रु० (च) 2,09,182/- रु० (छ) 2,09,182/- रु०।

अरुण कुमार दास गुप्ता,
आयकर आयुक्त, बिहार-1, पटना

प्ररूप आई० टी० एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, निरीक्षी सहायक आयकर आयुक्त

अर्जन परिक्षेत्र, बिहार, पटना

पटना, दिनांक 5 जुलाई 1978

निर्देश सं० 111-271/अर्जन/78-79/422—अतः मुझे, मुरारी नन्द तीवारी

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी संख्या जे० न० 986/1158 वार्ड नं० हिस्सा जो एम० एस० प्लांट नं० 808, रांची में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय रांची (बिहार) में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन

31-12-1977

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है

को पूर्वोक्त संपत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त संपत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण विलेख में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं उक्त अधिनियम, की धारा 269-ब की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों अर्थात् :—

1. श्री स्वर्ण सिंह, सुरिन्द्र सिंह पुत्रान अमर सिंह, वासी सुल्तानपुर लोधी।
(अन्तरक)
2. जरनैल सिंह, करनैल सिंह पुत्रान बंता सिंह, वासी मेवा सिंह वाला, तहसील सुलतानपुर लोधी।
(अन्तरिती)
3. जैसा कि नं० 2 में लिखा है।
(वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)
4. जो व्यक्ति सम्पत्ति में रुचि रखता है।
(वह व्यक्ति जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त संपत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त संपत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

मेवा सिंह वाला गांव में 56 कनाल जमीन जैसा कि विलेख नं० 1349, दिसम्बर, 1977 रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी सुलतानपुर लोधी में लिखा है।

पी० एन० मलिक
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, भटिंडा

दिनांक : 24-7-78
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269 घ(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार
कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, काकीनाडा

काकीनाडा, दिनांक 19 अगस्त 1978

सं० 760—यतः मुझे एन० के० नागराजन,
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमे इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपए से अधिक है
और जिसकी सं० 154/2 और 154/1 है, जो बेतावोलु में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय गुडिवाडा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 1977 और 1978
को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और यह कि अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. (1) वि० रामब्रहमम
(2) वि० रामचन्द्रराव
(3) वि० कृष्ण किशोर
(4) वि० सिव राम कृष्ण मूर्ति
(5) वि० वेंकटारामाराव
(6) वि० राकेष
(7) वि० कुचेला
(8) वि० नागभूशनम
(9) वि० रंगाराव
(10) वि० वेंकटेस्वरराव
(11) वि० सतीश
(12) वि० श्रीरामुलु
(13) वि० नागभूषन चौदरी
(14) सि० एच० सीतारामय्या, वेंट्राप्रगडा।

(अन्तरक)

2. श्री थुम्मला हरिश्चन्द्रा प्रसाद, गुडिवाडा।

(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

गुडिवाडा रजिस्ट्री अधिकारी से पंजीकृत दस्तावेज नं० 3882/77, 11/78 और 121/78 में निगमित अनुसूची सम्पत्ति।

एन० के० नागराजन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, काकीनाडा

तारीख : 19-8-78

मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, काकीनाडा

काकीनाडा, दिनांक 19 अगस्त 1978

सं० 761—यत: मुझे, एन० के० नागराजन,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० 154/2 और 155/1 है जो बेतावोलु में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय गुडिवाडा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 1977 और 1978

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और (अन्तरिती) (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अत: अब, उक्त अधिनियम, की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. (1) बि० पापाराव
   (2) श्रीमती के० हैमावति
   (3) डी० सिवनारायण
   (4) डि० गंगाधर राव
   (5) डि० श्रीनिवास, गुडिवाडा।

(अन्तरक)

2. श्री थुम्मला सीतारामाप्रसाद, गुडिवाडा।

(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त संपत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

गुडिवाडा रजिस्ट्री अधिकारी से पंजीकृत दस्तावेज नं० 3875/77, 1033/78 और 157/78 में निगमित अनुसूची सम्पत्ति।

एन० के० नागराजन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, काकीनाडा

तारीख : 19-8-78
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एस० एस०——

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की

धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, काकीनाडा

काकीनाडा, दिनांक 19 अगस्त 1978

सं० 762—यतः मुझे एन० के० नागराजन

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम', कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० 154/28/ 155/1 है, जो बेताबोलु, में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और जो पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय गेडिवाडा मे भारजीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 1977 तथा 1978

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल

का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने की सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. (1) पि० सत्यनारायण
   (2) पि० प्रकाशराव पेद्दापरूपूडि
   (3) पि० वेंकटेश्वर राव मुटलूर
   (4) एस० वेंकटार गादासु
   (5) एस० किशोर
   (6) एस० शशी
   (7) एस० तिरुपलेसम
   (8) एस० अनीकबाबु पोतुकुमाडु
   (9) डि० रामाभदय्या
   (10) ड० भवानी शंकरराव
   (11) डि० वेंकटराबापिनीडु आमुदाकपल्ली।

(अन्तरक)

2. श्री तुम्मला नारायण प्रसाद,
   गुडिवाडा।

(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो 'उक्त अधिनियम', के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

गुडिवाडा, रजिस्ट्री अधिकारी से पंजीकृत दस्तावेज नं० 3876/77, 1438/78, 470/78, तथा 10/78 में निगमित अनुसूची सम्पत्ति।

एन० के० नागराजन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, काकीनाडा

तारीख : 19-8-78
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-ख(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, धारवाड

धारवाड़-580004, दिनांक 18 अगस्त 1978

निर्देश सं० 224/78-79/अर्जन—यतः मुझे, डी० सी० राजागोपालन सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण), अर्जन रेंज, धारवाड़,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० 1, 2, 3, 4, 37, 9, 8, 38, 13, 23, 24, 25 और 37 है, तथा जो हंडुबुब्लिहारा, हिपला और मेलगिरि गांव, चिकमगलूर जिला में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, नरसिम्हाराजपुरा में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख अंडर डाकुमेंट नं० 105 दिनांक 18 जनवरी 1978

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और यह अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में मैं, उक्त अधिनियम, की धारा 269-ध की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. दि मैसूर कॉफ़ी एस्टेस्ट लिमिटेड 28, किरण राजेंद्रा रोड, बसवनगुडि, बंगलूर-4

(अन्तरक)

2. (1) श्री ई०सी० वाइट एम० ट्रस्टी फॉर (अ) मास्टर रोहन पेलहम वाइट (ब) कुमारी रिमा अनोस्का वाइट (क) मास्टर राऊल गारेंटे डोमेंग (द) मिस लुसिंदा जानेवाइर और (ई) मास्टर स्टेफन जि० वाइट कॉफी प्लाटर, कुर्गु हुल्लि एस्टेट सुंहिकोफा पोस्ट,
(2) श्री आर० सज्जन आर० राव, पिता एस० एम० रामाकृष्ण राव, लक्ष्मी निवास, फोर्ट, बंगलूर-2,
(3) श्रीमती मालिनी वाइट श्री ई० सी० वाइर का पत्नी फुरगुहल्लि एस्टेट, सुंहिकोफा-पोस्ट
(4) श्रीमती अम्बिनने एस० रुइया साम एम० रूया का पत्नी है । लक्ष्मी निवास, फोर्ट बंगलर-2,
(5) श्रीमती मृदुला देसाई आर० के० देसाई का पत्नी नं० 450, राजमहल विलास पोसन, बंगलूर-2, जी० पी० ए० होलटर श्री ई० सी० वाइर

(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप:—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

स्थिर आस्ति कॉफी एस्टेटस हंडुबब्लिहारा, हिफला और मेलगिरि गांवों के यहां है । जिला चिकमगलूर सर्वे नं०, 1, 2, 3, 4, 37, 9, 8, बी-8, 13, 23, 24, 25 और 37 एकत्र स्थान 654 एकर्स और 28 गुंटास है ।

डी० सी० राजगोपालन
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेज, धारवाड

तारीख : 18-8-1978
मोहर :

प्रकप आई० टी० एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अजन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 7 अगस्त 1978

निदेश सं० अमृतसर/78/79/37—यतः मुझे, एस० के० गोयल,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है

और जिसकी सं० जमीन का टुकड़ा, नं० 322 खसरा नं० 616/9 लारेंस रोड, अमृतसर (सकीम नं० 62) है तथा जो अमृतसर शहर में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और जो पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय अमृतसर शहर में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन दिसम्बर, 1977

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है —

(क) अन्तरण से हुई किसी आय को बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए ; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री मदन लाल सुपुत्र सिधी राम वासी लोहगढ़गेट, अमृतसर ।

(अन्तरक)

2. श्री विलायती राम सुपुत्र श्री दौलत राम वासी कटरा भाग सिंह, अमृतसर ।

(अन्तरिती)

3. जैसा ऊपर नं० 2 में और यदि कोई किरायेदार हो तो (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

4. और आदमी कोई भी जो इससे रुचि रखता हो ।

(वह व्यक्ति, जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हित-बद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

जमीन का टुकड़ा नं० 322, जिसका रकबा 5091/6 रकबा यदि कि 605 मुरबा गज, जोकि लारेंस रोड, अमृतसर में स्थित है, जैसा कि रजिस्ट्रेड डीड नं० 3001/दिसम्बर, 1977 रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी, अमृतसर में लिखा है ।

एस० के० गोयल
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अजन रेंज, अमृतसर

तारीख : 7-8-1978
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 8 अगस्त 1978

निदेश सं० अमृतसर/78-79/38—यतः मुझे, एस० के० गोयल

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है और जिसकी सं० कृषि भूमि, गांव जेठू नंगल है तथा तहसील अमृतसर में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय अमृतसर में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) तहसील के अधीन फरवरी, 1978

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिये तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों, को जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों अर्थात् :—

1. श्री गुरदियाल सिंह सर्वदयाल सिंह, गुलजार सिंह पुत्रान उजागर सिंह गांव, मजीठा, तहसील अमृतसर।

(अन्तरक)

2. श्री बलवंत सिंह, सुपुत्र जीवन सिंह वासी शुकरपूरा, तहसील बटाला।

(अन्तरिती)

3. जैसा कि ऊपर नं० 2 में और यदि कोई किरायेदार हो तो (वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

4. और कोई व्यक्ति जो इससे रुचि रखता हो। (वह व्यक्ति, जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

कृषि भूमि जिसका रकबा 88 कनाल 10 मरले है गांव जेठू नंगल, जैसाकि रजिस्ट्री डीड नं० 5365, फरवरी, 1978 रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी अमृतसर में लिखा है।

एस० के० गोयल
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त निरीक्षण
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख : 8-8-78
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतसर, दिनांक 9 अगस्त 1978

निदेश सं० ए० एस० आर०/78-79/39—यतः मुझे, एस० के० गोयल,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपए से अधिक है,

और जिसकी सं० कोठी नं० 5 ए है, तथा जो दुनी चांद रोड अमृतसर में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनसूची में और जो पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, अमृतसर शहर में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1998 का 16) के अधीन दिसम्बर, 1977

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार

मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा, (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. गोपाल पुत्र श्री करम चन्द
निवासी राय बहादुर दुनी चन्द रोड,
अमृतसर ।

(अन्तरक)

2. श्रीमती जसवन्त कौर पत्नी श्री अजीत सिंह,
38, लारेंस रोड, अमृतसहर।

(अन्तरिती)

3. जैसा कि ऊपर नं० 2, पर और कोई किरायेदार यदि हो तो
(वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

4. और कोई व्यक्ति इस जायदाद में रुचि रखता हो।
(वह व्यक्ति जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता हैकि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद मे समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे ।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है ।

अनुसूची

जायदाद नं० 5 ए, जोकि दुनीचन्द रोड, अमृतसर पर है जैसा कि रजिस्टर्ड डीड नं० 2321 दिसम्बर, 1977 रजिस्ट्रीकर्ता अथारटी अमृतसर शहर में है।

एस० के० गोयल
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख : 9-8-1978.
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, अमृतसर

अमृतहर, दिनांक 9 अगस्त 1978

निदेश सं० ए०एस०आर०/78-79/40—यतः मुझे, एस० के० गोयल

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है

और जिसकी सं० मकान नं० 2853 और नया नं० 3327, प्रताप बाजार, अमृतसर में स्थित है और और इससे उपाबद्ध अनसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है) रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, अमृतसर शहर में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का 16) के अधीन दिसम्बर, 1977 को

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धनकर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन; निम्नलिखित व्यक्तियों अर्थात् :—

1. श्री कान्ता रानी, पत्नी श्री गुरदास राम अग्रवाल ग्रीन एवेन्यू, अमृतसर। (अन्तरक)
2. श्री तारा चन्द राम दयाल, पुत्रान जगत राम कटरा अघीया, अमृतसर। (अन्तरिती)
3. जैसा कि ऊपरोक्त नं० 2 में और कोई किरायदार यदि हो तो (वह व्यक्ति जिसके अधिभोग में सम्पत्ति हो)
4. और कोई व्यक्ति इस जायदाद में रुचि रखता हो। (वह व्यक्ति, जिनके बारे में अधोहस्ताक्षरी जानता है कि वह सम्पत्ति में हितबद्ध है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूँ।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किये जा सकेंगे।

स्पष्टीकरणः—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

जायदाद मकान नं० 2853 और नया नं० 3327 प्रताप बाजार, अमृतसर में है जैसा कि रजिस्ट्रर्ड डीड नं० 3117, दिसम्बर, 1977 रजिस्ट्रीकर्ता अथारटी अमृतहर शहर में लिखा है।

एस० के० गोयल
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज, अमृतसर

तारीख 9 अगस्त 1978
मोहरः

संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

आशुलिपिक परीक्षा, 1979

नई दिल्ली, दिनांक 16 सितम्बर 1978

सं० एफ० 11/7/78-प०I(ख)—भारत के राजपत्र, दिनांक 16 सितम्बर, 1978 में गृह मंत्रालय (कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा प्रकाशित नियमों के अनुसार नीचे दिये गये पैरा 2 में उल्लिखित अस्थाई सेवाओं और पदों पर भर्ती के लिये संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अहमदाबाद, इलाहाबाद, बंगलौर, भोपाल, बम्बई, कलकत्ता, चण्डीगढ़, कोचीन, कटक, दिल्ली, डिसपुर (गौहाटी), हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, लखनऊ, मद्रास, नागपुर, पणजी (गोवा), पटियाला, पटना, शिलांग, शिमला, श्रीनगर, त्रिवेन्द्रम तथा विदेश स्थित कुछ चुने हुए भारतीय मिशनों में 30 जनवरी, 1979 से एक प्रतियोगिता परीक्षा ली जाएगी:—

आयोग यदि चाहे तो, परीक्षा के उपर्युक्त केन्द्रों तथा उसके प्रारम्भ होने की तारीख में परिवर्तन कर सकता है। परीक्षा में प्रविष्ट उम्मीदवारों को परीक्षा की समय सारणी तथा स्थान अथवा स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा। (देखिये उपाबन्ध, पैरा 11)

2. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर जिन सेवाओं और पदों पर भर्ती की जाती है, उनके नाम और विभिन्न सेवाओं और पदों से संबद्ध रिक्तियों की अनुमानित संख्या निम्नलिखित है:—

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख)— (आशुलिपिक उप-संवर्ग का ग्रेड II)	10**
(ii) रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड ग (इस ग्रेड को चयन सूची में सम्मिलित करने के लिये)	*
(iii) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड ग (इस ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिये)	*
(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड ग	*
(v) भारत सरकार के कुछ अन्य विभागों/संगठनों तथा संबद्ध कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद जो भारतीय विदेश सेवा (ख) रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में सम्मिलित नहीं है।	*

*रिक्तियां सरकार द्वारा सूचित नहीं की गई।

**अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या, यदि कोई है, तो सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी।

3. यदि उम्मीदवार उपर्युक्त पैरा 2 में उल्लिखित किसी एक या एक से अधिक सेवाओं/पदों के सम्बन्ध में परीक्षा में प्रवेश के लिये आवेदन कर सकता है।

यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक सेवाओं/पदों के लिये परीक्षा में प्रवेश पाना चाहता हो तो भी उसे एक ही आवेदन-पत्र भेजने की आवश्यकता है। नीचे पैरा 7 में उल्लिखित शुल्क भी उसे केवल एक ही बार देना होगा, उस प्रत्येक सेवा/पद के लिये अलग-अलग नहीं, जिसके लिये वह आवेदन कर रहा है।

नोट:—इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती करने वाले कुछ विभागों/कार्यालयों को केवल अंग्रेजी आशुलिपिक की ही आवश्यकता होगी, और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति केवल उन्हीं उम्मीदवारों में से की जायेगी जिन्हें लिखित परीक्षा तथा अंग्रेजी के आशुलिपिक परीक्षण के आधार पर आयोग द्वारा अनुशंसित किया जाता है (द्रष्टव्य: नियमावली के परिशिष्ट I का पैरा 4)

4. उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र में यह स्पष्ट रूप से बतलाना होगा कि वह किन सेवाओं/पदों के लिये विचार किये जाने का इच्छुक है। उसे सलाह दी जाती है कि वह अपनी इच्छानुसार एक से अधिक वरीयताओं का उल्लेख करे ताकि योग्यता क्रम में उसके स्थान को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति करते समय उसकी वरीयताओं पर भली भांति विचार किया जा सके।

उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन-पत्र में सेवाओं/पदों के लिये मूलत: उल्लिखित वरीयता क्रम में परिवर्तन से संबद्ध किसी भी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जायेगा जब तक कि ऐसा करने का अनुरोध आयोग द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को या उसके पूर्व संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त न हो जाये।

5. परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवार को निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-110011 को आवेदन करना चाहिये। निर्धारित आवेदन-पत्र तथा परीक्षा से संबद्ध पूर्ण विवरण दो रुपये भेज कर आयोग से डाक द्वारा प्राप्त किये जा सकते हैं। यह राशि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-110011, को मनीआर्डर या सचिव संघ लोक सेवा आयोग को नई दिल्ली जनरल डाकघर पर देय भारतीय पोस्टल आर्डर द्वारा भेजी जानी चाहिये। मनीआर्डर/पोस्टल आर्डर के स्थान पर चैक या करेंसी नोट स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ये आवेदन-पत्र आयोग के काउंटर पर नकद भगतान द्वारा भी प्राप्त किये जा सकते हैं। दो रुपये की यह राशि किसी भी हालत में वापस नहीं की जायेगी।

नोट:—उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे अपने आवेदन-पत्र आशुलिपिक परीक्षा, 1979 के लिये निर्धारित मुद्रित प्रपत्र में ही प्रस्तुत करें। आशुलिपिक परीक्षा, 1979 के लिये निर्धारित प्रपत्रों से इतर प्रपत्रों पर भरे हुए आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

6. भरा हुआ आवेदन-पत्र आवश्यक प्रलेखों के साथ सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-110011 के पास 30 अक्तूबर, 1978 को या उससे पहले (13 नवम्बर, 1978 से पहले की तारीख से विदेशों में या अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में या लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों के मामले में 30 अक्तूबर, 1978 तक) अवश्य पहुंच जाना चाहिये। निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

विदेशों में या अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में या लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवार से, आयोग यदि चाहे तो, इस बात का लिखित प्रमाण प्रस्तुत करने के लिये कह सकता है कि वह 30 अक्तूबर, 1978 से पहले की किसी तारीख से विदेशों में या अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में या लक्षद्वीप में रह रहा था।

7. परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को भरे हुए आवेदन-पत्र के साथ आयोग को रु० 12.00 (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के मामले में रु० 3.00) का शुल्क भेजना होगा जो कि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को नई दिल्ली के प्रधान डाक घर पर देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर या सचिव, संघ लोक सेवा

आयोग को नई दिल्ली में स्टेट बैंक आफ इण्डिया की मुख्य शाखा पर देय स्टेट बैंक आफ इंडिया की किसी भी शाखा से जारी किये गये रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के रूप में हो)।

विदेश में रहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क भारत के उच्च आयुक्त, राजदूत या विदेश स्थित प्रतिनिधि के कार्यालय में जमा करना होगा ताकि वह "051 लोक सेवा आयोग परीक्षा शुल्क" के लेखाशीर्ष में जमा हो जाये और आवेदन पत्र के साथ उसकी रसीद लगाकर भेजनी चाहिये ।

जिन आवेदन पत्रों में यह अपेक्षा पूरी नही होगी उन्हें एकदम अस्वीकार कर दिया जायेगा। यह उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होता जो नीचे के पैरा 8 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क से छूट चाहते हैं ।

8. आयोग यदि चाहे तो, उस स्थिति में निर्धारित शुल्क से छूट दे सकता है जब वह इस बात से सन्तुष्ट हो कि आवेदक या तो 1 जनवरी 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से भारत आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है, या बर्मा से वास्तविक रूप में प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति है और 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत आया है या वह श्रीलंका से वास्तविक रूप में प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति है और निर्धारित शुल्क दे सकने की स्थिति मे नहीं है या वह नीचे की परिभाषा के अनुसार भूतपूर्व सैनिक है ।

"भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है जिसने भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेना सहित संघ की सशस्त्र सेना (अर्थात् संघ की थल, जल और वायु सेना) में किसी भी रैंक में (चाहे सामरिक हो या असामरिक) 2 जनवरी, 1979 के अभिप्रमाणन के बाद कम से कम छह मास की अवधि तक निरन्तर सेवा की हो। किन्तु इसमें असम राइफल्स, डिफेन्स सैक्यूरिटी कोर, जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स, जम्मू व कश्मीर मिलीशिया, लोक सहायक सेना और सीमांत सेना शामिल नही है, और—

(i) जो निर्मुक्त हुआ हो बशर्ते कि ऐसी निर्मुक्ति दुराचार या अक्षमता के कारण पदच्युति या सेवा मुक्ति के रूप में न हो या ऐसी निर्मुक्ति के आशय से रिजर्व में स्थानांतरित न हुआ हो; अथवा

(ii) जिसको उपर्युक्त निर्मुक्ति या रिजर्व में स्थानांतरण का पात्र बनने के लिये 2 जनवरी, 1979 को आवश्यक सेवावधि को समाप्त करने में अभी छह मास से कम सेवा करनी हो ।

9. जिस उम्मीदवार ने निर्धारित शुल्क का भुगतान कर दिया हो किन्तु उसे आयोग द्वारा परीक्षा में प्रवेश नही दिया गया तो उसे रु० 3.00 (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के मामले में रु० 1.00) की राशि वापस कर दी जायेगी ।

उपर्युक्त या नीचे पैरा 10 मे उपबन्धित व्यवस्था को छोड़कर अन्य किसी भी स्थिति मे आयोग को भुगतान किये गये शुल्क की वापसी के किसी दावे पर न तो विचार किया जायेगा और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिये आरक्षित रखा जा सकेगा ।

10. यदि कोई उम्मीदवार 1978 में ली गई आशुलिपिक परीक्षा में बैठा हो और अब इस परीक्षा मे प्रवेश पाने के लिये आवेदन करना चाहता हो तो उसे परीक्षा फल या नियुक्ति प्रस्ताव की प्रतीक्षा किये बिना ही अपना आवेदन पत्र अवश्य भेज देना चाहिये ताकि वह निर्धारित तारीख तक आयोग के कार्यालय में पहुच जाये। यदि वह 1978 के परीक्षा-फल के आधार पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित कर दिया जाता है तो उसके अनुरोध पर 1979 की परीक्षा के लिये उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी और उसको उसी प्रकार शुल्क लौटा दिया जायेगा जिस प्रकार नीचे पैरा 9 के अनुसार उस उम्मीदवार को लौटा दिया जाता है जिसे परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाता बशर्ते कि उम्मीदवारी रद्द कराने और शुल्क को वापस करने का अनुरोध आयोग के कार्यालय में 30 दिसम्बर 1978 को या इससे पूर्व प्राप्त हो जाये ।

11. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद उम्मीदवारी की वापसी के लिये उम्मीदवार के किसी प्रकार के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नही किया जायेगा ।

आर० एस० अहलुवालिया
उप सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

उपाबन्ध

उम्मीदवारों को अनुदेश

1. उम्मीदवारों को चाहिये कि वे आवेदन-प्रपत्र भरने से पहले नोटिस और नियमावली को ध्यान से पढ़ कर यह देख लें कि वे परीक्षा में बैठ सके के पात्र हैं भी या नही। निर्धारित शर्तों में छूट नहीं दी जा सकती है ।

आवेदन-पत्र भेजने से पहले उम्मीदवार को नोटिस के पैरा 1 में दिये गये केन्द्रों में से किसी एक को, जहां वह परीक्षा देने का इच्छुक है, अन्तिम रूप से चुन लेना चाहिये। सामान्यतः चुने हुए स्थान में परिवर्तन से सम्बद्ध किसी अनुरोध पर विचार नही किया जायेगा।

जो उम्मीदवार किसी विदेश स्थित भारतीय मिशन में परीक्षा देना चाहता हो तथा नियमावली के परिशिष्ट I के पैरा 4 के अनुसार प्रश्न-पत्र (ii) निबन्ध तथा प्रश्न-पत्र (iii) सामान्य ज्ञान का उत्तर हिन्दी में लिखने तथा आशुलिपि परीक्षण हिन्दी में ही देने का विकल्प देता है तो उससे आशुलिपि परीक्षणों के लिये अपने ही खर्चे पर विदेश स्थित किसी भी ऐसे भारतीय मिशन में बैठने के लिये कहा जा सकता है जहां इस प्रकार का परीक्षण आयोजित करने के लिये आवश्यक प्रबन्ध उपलब्ध हों।

2. उम्मीदवार को आवेदन-प्रपत्र तथा पावती कार्ड अपने हाथ से ही भरने चाहिये । अधूरा या गलत भरा हुआ आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।

नोट:—उम्मीदवारों को उक्त परीक्षा की नियमावली के परिशिष्ट 1 के पैरा 4 के अनुसार अपने आवेदन-पत्र के कालम 19 में स्पष्ट रूप से उस भाषा का उल्लेख कर देना चाहिये, जिसमें वे निबन्ध तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों का उत्तर देने के इच्छुक हैं तथा आशुलिपि परीक्षण देना चाहते हैं। एक बार दिया गया विकल्प अन्तिम माना जायेगा और उक्त कालम में परिवर्तन करने से सम्बद्ध किसी भी अनुरोध को स्वीकार नही किया जायेगा। यदि उक्त कालम में कोई भी प्रविष्टि नहीं की गई होगी तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त प्रश्न पत्र का उत्तर तथा आशुलिपि का परीक्षण अंग्रेजी में दिया जायेगा ।

सभी उम्मीदवारों को, चाहे वे पहले से सरकारी नौकरी में हों या सरकारी औद्योगिक उपक्रमों में या इसी प्रकार के अन्य संगठनों में हों या गैर सरकारी संस्थाओं में नियुक्त हों, अपने आवेदन-पत्र आयोग को सीधे भेजने चाहिये। अगर किसी उम्मीदवार ने अपना आवेदन-पत्र अपने नियोक्ता के द्वारा भेजा हो और वह संघ लोक सेवा आयोग में देर से पहुंचा हो तो

उस आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा, भले ही वह नियोक्ता को आखिरी तारीख के पहले प्रस्तुत किया गया हो ।

जो व्यक्ति पहले से सरकारी नौकरी में, स्थाई या अस्थाई हैसियत से काम कर रहे हों या किसी काम के लिये विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हों जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नहीं है, उनको इस परीक्षा में अंतिम रूप में प्रवेश पाने के पहले अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष की अनुमति प्राप्त करनी चाहिये । उनको चाहिये कि वह अपने आवेदन-पत्र को, उसके अन्त में संलग्न प्रमाण-पत्र की दो प्रतियां निकाल कर, आयोग में सीधे भेज दें और प्रमाण-पत्र की उन प्रतियों को तत्काल अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ प्रस्तुत करें कि उक्त प्रमाण-पत्र की एक प्रति विधिवत् भर कर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली को जल्दी से जल्दी और किसी भी हालत में प्रमाण-पत्र के फार्म में निर्दिष्ट तारीख से पहले भेज दी जाये ।

3. उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित प्रलेख अवश्य भेजने चाहियें:—

(i) निर्धारित शुल्क के लिये रेखांकित किये भारतीय पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट अथवा शुल्क में छूट का दावा करने के समर्थन में प्राप्त प्रमाण-पत्र की प्रमाणित/अभिप्रमाणित प्रतिलिपि (देखिये नोटिस के पैरा 7 और 8 और नीचे पैरा 6)।

(ii) आयु के प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि ।

(iii) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि ।

(iv) उम्मीदवार के हाल ही के पासपोर्ट आकार (लगभग 5 सें० मी० 7 सें० मी०) के फोटो की दो एक जैसी प्रतियां) ।

(v) जहां लागू हो वहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का होने के दावे के समर्थन में प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि (देखिये नीचे पैरा 4) ।

(vi) जहां लागू हो वहां आयु में छूट के दावे के समर्थन में प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि (देखिये नीचे पैरा 5) ।

नोट:—उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्रों के साथ उपर्युक्त मद (ii), (iii), (iv) तथा (vi) पर उल्लिखित प्रमाण-पत्रों की केवल प्रतिलिपियां ही प्रस्तुत करनी है जो सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हों अथवा स्वयं उम्मीदवारों द्वारा सही प्रमाणित हों । जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर आशुलिपिक परीक्षण के लिये अर्हता प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित किये जाने के तुरन्त बाद उपर्युक्त प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी । परिणामों के 1979 के मई मास में घोषित किये जाने की संभावना है । उम्मीदवारों को उस इन प्रमाण-पत्रों को उस समय तैयार रखना चाहिये तथा लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा के तुरन्त बाद उन्हें आयोग को प्रस्तुत कर देना चाहिये । जो उम्मीदवार उस समय अपेक्षित प्रमाण-पत्रों को मूल रूप में प्रस्तुत नहीं करते हैं उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी और ये उम्मीदवार पुनः विचार किये जाने का दावा नहीं कर सकेंगे।

मद (i) से (iv) में उल्लिखित प्रलेखों के विवरण नीचे दिये गये हैं और मद (v) और (vi) में उल्लिखित प्रलेखों के विवरण पैरा 4, 5 और 6 में दिये गये हैं:—

(i)(क) निर्धारित शुल्क के लिये रेखांकित किये गये भारतीय पोस्टल आर्डर:—

प्रत्येक पोस्टल आर्डर अनिवार्यतः रेखांकित किया जाये तथा उस पर 'सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को नई दिल्ली के प्रधान डाकघर पर देय" लिखा जाना चाहिये ।

किसी अन्य डाक घर पर देय पोस्टल आर्डर किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे । विरुपित या कटे फटे पोस्टल आर्डर भी स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

सभी पोस्टल आर्डरों पर जारी करने वाले पोस्टमास्टर के हस्ताक्षर और जारी करने वाले डाकघर की स्पष्ट मुहर होनी चाहिये ।

उम्मीदवारों को अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि जो पोस्टल आर्डर न तो रेखांकित किये गये हों और न ही सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, को नई दिल्ली अनरल डाकघर पर देय किये गये हों, उन्हें भेजना सुरक्षित नहीं है ।

(ख) निर्धारित शुल्क के लिये रेखांकित बैंक ड्राफ्ट:—

बैंक ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इंडिया की किसी शाखा से लिया जाना चाहिये और सचिव संघ लोक सेवा आयोग को स्टेट बैंक आफ इंडिया, की मुख्य शाखा, नई दिल्ली में देय होना चाहिये तथा विधिवत् रेखांकित होना चाहिये ।

किसी अन्य बैंक के नाम देय किये गये बैंक ड्राफ्ट किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किये जायेंगे । विरूपित या कटे फटे बैंक ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

(ii) आयु का प्रमाण-पत्र:—आयोग सामान्यतः जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन के प्रमाण-पत्र या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गये प्रमाण पत्र या किसी विश्वविद्यालय के यहां से मैट्रिकुलेट्री के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और वह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो । जो उम्मीदवार उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हो वह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के प्रमाण-पत्र या समकक्ष प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत कर सकता है ।

अनुदेशों के इस भाग में आये मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र के अन्तर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं ।

कभी कभी मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र में जन्म की तारीख नहीं होती या आयु के केवल पूरे वर्ष या पूरे वर्ष और महीने ही दिये होते हैं । ऐसे मामलों में उम्मीदवारों को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित प्रमाणित प्रतिलिपि के अतिरिक्त उस संस्था के हैडमास्टर/प्रिंसिपल से लिये गये प्रमाण-पत्र की एक अभिप्रमाणित प्रमाणित प्रतिलिपि भेजनी चाहिये जहां से वह मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है । इस प्रमाण पत्र में उस संस्था के दाखिला रजिस्टर में दर्ज की गई उसकी जन्म की तारीख या वास्तविक आयु लिखी होनी चाहिये ।

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि आवेदन-पत्र के साथ इन अनुदेशों में यथा निर्धारित आयु का पूरा प्रमाण नहीं भेजा गया तो आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है । उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि यदि आवेदन-पत्र में लिखी जन्म की तारीख मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र में दी गई जन्म की तारीख

से भिन्न है और इसके लिये कोई स्पष्टीकरण न दिया गया हो तो आवेदन पत्र रद्द किया जा सकता है।

नोट 1:—जिस उम्मीदवार के पास पढ़ाई पूरी करने के बाद माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र हो, उसे केवल आयु से सम्बद्ध प्रविष्टि वाले पृष्ठ की अभि-प्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि भेजनी चाहिये

नोट 2:—उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिये कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिये जन्म की तारीख एक बार लिख भेजने और आयोग द्वारा उसके स्वीकृत हो जाने के बाद किसी बाद की परीक्षा में उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति सामान्यतः नहीं दी जायेगी।

नोट 3:—जो उम्मीदवार (i) किसी मान्यताप्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ii) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन के लिये विद्यार्थियों को तैयार करने वाले किसी मान्यताप्राप्त स्कूल (iii) श्री अरविन्द अन्तर राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी, का हायर सेकेन्डरी कोर्स या (iv) दिल्ली पालीटेकनीक के तकनीकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण हो, उसे सम्बद्ध स्कूल के प्रिंसिपल से पैरा 3(iii) के नीचे नोट 3 के बाद निर्धारित प्रपत्र पर लिया गया आयु का प्रमाण-पत्र अवश्य भेजना चाहिये और उसके अतिरिक्त आयु के प्रमाण के रूप में कोई अन्य प्रमाण-पत्र अपेक्षित नहीं होगा।

नोट 4:—जो उम्मीदवार पहले से ही स्थाई सरकारी सेवा में हो, उनकी सेवा पुस्तिका की प्रविष्टियों को जन्म की तारीख और शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

(iii) शैक्षिक योग्यता का प्रमाण-पत्र:—उम्मीदवार को एक ऐसे प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि अवश्य भेजनी चाहिये जिससे इस बात का प्रमाण मिल सके कि नियम 7 में निर्धारित योग्यताओं में से कोई एक योग्यता उसके पास है। भेजा गया प्रमाण पत्र उस प्राधिकारी (अर्थात् विश्वविद्यालय या किसी अन्य परीक्षा निकाय) का होना चाहिये जिसने उसे योग्यता विशेष प्रदान की हो। यदि ऐसे प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि न भेजी जाये तो उम्मीदवार को उसे न भेजने का कारण अवश्य बताना चाहिये और अपेक्षित योग्यता से सम्बद्ध अपने दावे के समर्थन में किसी अन्य प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भेजनी चाहिये आयोग इस साक्ष्य पर उसकी गुणवत्ता के आधार पर विचार करेगा, किन्तु वह उसे पर्याप्त मानने के लिये बाध्य नहीं होगा।

नोट 1:—जो उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह आयोग की इस परीक्षा में बैठने के लिये शैक्षिक रूप से योग्य हो जाता है किन्तु उन्हें परिणाम की सूचना नहीं मिली है और वह ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इरादा रखता है तो वह आयोग की इस परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र नहीं होगा।

नोट 2:—जिस उम्मीदवार के पास पढ़ाई पूरी करके माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र हो, उसे उस प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ केवल एस० एस० एल० सी० परीक्षा परिणाम की प्रविष्टियों वाले पृष्ठ की प्रतिलिपि भेजनी चाहिये।

नोट 3:—जो उम्मीदवार (i) किसी समान्यताप्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, (ii) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन के लिये विद्यार्थियों को तैयार करने वाले किसी मान्यताप्राप्त स्कूल, (iii) श्री अरविंद अन्तर राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी का हायर सेकेन्डरी कोर्स या (iv) किसी पालीटेकनीक में तकनीकी माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण हो उसे सम्बद्ध स्कूल के प्रिंसिपल/हैड-मास्टर से नीचे नोट में निर्धारित फार्म पर लिया गया शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र अवश्य भेजना चाहिये।

उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्र का फार्म [द्रष्टव्य पैरा 3(ii) का नोट 3 और उपर्युक्त नोट 3]

प्रमाणित किया जाता है

(1) श्री/श्रीमती/कुमारी*———— सुपुत्र/सुपुत्री* श्री ———— इस विद्यालय की————कक्षा में जो कि हायर सेकेण्डरी इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन/श्री अरविंद अन्तर राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के हायर सेकेण्डरी पाठ्यक्रम/दिल्ली पालीटेकनीक तकनीकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम* की उपांतिम कक्षा है, उत्तीर्ण है।

(2) इस विद्यालय के दाखिला रजिस्टर में दर्ज की गई उनकी जन्म की तारीख————है, इस तारीख की स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र/विद्यालय में विद्यार्थी के दाखिले के समय उसकी ओर से प्रस्तुत किये गये विवरण* से पुष्टि कर ली गई है।

तारीख:———— हैडमास्टर/प्रिंसिपल* के हस्ताक्षर
स्थान:———— (विद्यालय का नाम)

*जो शब्द लागू न हो, उन्हें काट दें।

(iv) फोटो की दो प्रतियां:—उम्मीदवार को अपने हाल ही के पासपोर्ट आकार (लगभग 5 सें० मी० × 7 सें० मी०) के फोटो दो एक जैसी प्रतियां अवश्य भेजनी चाहिये। इनमें से एक प्रति आवेदन-पत्र प्रपत्र के पहले पृष्ठ पर चिपका देनी चाहिये। और अन्य प्रति आवेदन-प्रपत्र के साथ अच्छी तरह नत्थी कर देनी चाहिये। फोटो की प्रत्येक प्रति के ऊपर उम्मीदवार को स्याही के हस्ताक्षर करने चाहिये।

ध्यान दें:—उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि आवेदन-पत्र के साथ ऊपर पैरा 3(ii), 3(iii) और 3(iv) में उल्लिखित प्रमाण-पत्र आदि में से कोई एक संलग्न न होगा और उसे न भेजने का उचित स्पष्टीकरण भी न दिया गया होगा तो आवेदनपत्र अस्वीकार किया जा सकता है और इस अस्वीकृति के विरुद्ध कोई अपील नहीं सुनी जायेगी। यदि कोई अपेक्षित आवेदन पत्र के साथ न भेजे गये हों तो उन्हें आवेदन-पत्र भेजने के बाद शीघ्र ही भेज देना चाहिये और वे हर हालत में आवेदन-पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तारीख से एक महीने के भीतर आयोग के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिये। यदि ऐसा न किया गया तो आवेदन-पत्र रद्द किया जा सकता है।

4. यदि कोई उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का होने का दावा करे तो उसे अपने दावे के समर्थन में उस जिले के, जिसमें उसके माता पिता (या जीवित माता या पिता) आमतौर से रहते हों, जिला अधिकारी] या उप मण्डल अधिकारी या नीचे उल्लिखित किसी अन्य अधिकारी से जिसे सम्बन्ध राज्य सरकार ने यह प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये सक्षम प्राधिकारी के रूप में पद नामित किया हो, नीचे दिये गये फार्म में प्रमाण पत्र लेकर उसकी एक अभिप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी चाहिये। यदि उम्मीदवार के माता और पिता दोनों की मृत्यु हो गई हो तो वह प्रमाण पत्र उस जिले के अधिकारी से लिया जाना चाहिये जहां उम्मीदवार अपनी शिक्षा से भिन्न किसी अन्य प्रयोजन से आम तौर पर रहता है।

भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिये आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्र का फार्म।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी*————— ——————————सुपुत्र/सुपुत्री* श्री—————————— ———— ———— ————जो गांव/कस्बा* ———————————— ———————————— जिला/मंडल*——— ——————————— राज्य/संघ* राज्य क्षेत्र————————————————————————के/की* निवासी है———————————————————————— ——————————————————जाति/जन जाति के/की* हैं जिसे निम्नलिखित के अधीन अनुसूचित जन* जाति के रूप में मान्यता दी गई है :—

संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950*

संविधान (अनुसूचित जन जातियां) आदेश, 1950*

संविधान (अनुसूचित जातियां) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951*

संविधान (अनुसूचित जन जातियां) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951*

[अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जन जातियां सूची (आशोधन) आदेश, 1956, बम्बई, पुनर्गठन अधिनियम, 1950, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, उत्तर पूर्वी-क्षेत्र (पुनर्गठन), अधिनियम, 1971 द्वारा यथा संशोधित और अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जन जातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976]

संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश 1956,*

संविधान (अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1959* अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जन जातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित

संविधान (दादरा और नागर हवेली) (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1962*

संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1962*

संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964*

संविधान (अनुसूचित जन जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967*

संविधान (गोवा, दमन और दियु) अनुसूचित जातियां आदेश, 1968*

संविधान (गोवा, दमन और दियु) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1968*

संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970*

2. श्री/श्रीमती/कुमारी*———————————————— और/या* उनका परिवार आमतौर से गांव/कस्बा*—————————— ——————————————————————————— जिला/मंडल*——————————————————————राज्य/संघ* राज्य क्षेत्र————————————————————————— में रहते/रहती* है ।

हस्ताक्षर——————

**पदनाम ——————

(कार्यालय की मोहर सहित)

स्थान——————

तारीख ——————

राज्य/संघ *राज्य क्षेत्र

*जो शब्द लागू न हों, उन्हें कृपया काट दें ।

नोट :—यहां आम तौर पर रहते/रहती* है" शब्दों का अर्थ वही होगा जो रिप्रेजेंटेशन आफ दि पीपुल एक्ट 1950 की धारा 20 में है ।

**अनुसूचित जाति/जनजाति—प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी ।

(i) जिला मैजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट/कलेक्टर/डिप्टी कमिश्नर/एडीशनल डिप्टी कमिश्नर/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी का स्टाईपेंडरी मैजिस्ट्रेट/डिप्टी मैजिस्ट्रेट/†सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट/तालुक मैजिस्ट्रेट/एक्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट/एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर ।

†(प्रथम श्रेणी के स्टाइपेंडरी मैजिस्ट्रेट के ओहदे से कम नहीं) ।

